दैनिक
# नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 11 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-12 अंक-30 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

## आज बेबाक

ये बढ़िया है। सत्ता में रहते हुए दबाकर खाओ और अपने चमचो को भी पेट फटने तक खाने दो। बाद में इसकी जांच हो तो खुद को बेकसूर बताओं और जांच एजेंसियों पर सवालिया निशान लगाओं। आठ राजनीतिक दलों के स्वनाम धन्य नेताओं ने इनमें अधिकांश पर भ्रष्टाचार के आरोप है उन्होने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर अनर्गल प्रलाप किया है। अरे भले मानुसो यदि सीबीआई और ईडी दबाव में गलत कार्यवाही कर रही है तो कोर्ट से बरी हो जाओगे। इतने ही दूध के धुले हो तो थोड़ा धैर्य रखो या फिर साफ कहो कि न्यायालय पर भी भरोसा नहीं है।

//-- सुविचार --//

**जितना कठिन संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।**

### जनसंख्या

विश्व : 8,021,118,033

भारत : 1,417,258,109

### बाजार

सेंसेक्स : 59135.13

निफ्टी : 17412.90

गोल्ड : 56,210 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 65,250 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.31 प्रति नग

### प्रदेश का मौसम

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रायपुर | 35.4 | 21.9 |
| बिलासपुर | 35.2 | 20.0 |
| जगदलपुर | 33.8 | 19.6 |
| अंबिकापुर | 30.3 | 15.4 |

### आज का दिवस

## विश्व किडनी दिवस

प्रतिवर्ष संपूर्ण विश्व में मार्च माह के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे अथवा विश्व गुर्दा दिवस मनाया जाता है। विश्व किडनी दिवस की शुरूआत दो साल पहले हुई थी। 2006 से मनना शुरू हुए इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को किडनी संबंधी रोगों के प्रति जागरूक करना और समस्या का निदान करना है। इंटरनेशनल सोसायटी ऑफकिडनी डिसीजेस और इंटरनेशनल सोसायटी ऑफनेफ्रोलॉजी द्वारा लगातार बढ़ रही किडनी डिसीज को बढ़ता देख यह दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। यह प्रत्येक वर्ष मार्च माह के दूसरे गुरूवार को मनाया जाता है।

# गौतम भादुड़ी छग हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस बने

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस की नियुक्ति कर दी गई है। जस्टिस गौतम भादुड़ी एक्टिंग चीफ जस्टिस बनाए गए हैं। वे जस्टिस अरूप कुमार गोस्वामी के रिटायरमेंट के बाद यह पद संभालेंगे।

बता दें कि केंद्र सरकार ने पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा को चीफ जस्टिस बनाने की अनुशंसा की थी। हालांकि ऐन वक्त पर आदेश बदल गया। जस्टिस भादुड़ी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस के बाद सबसे सीनियर हैं, इसलिए उन्हें ही एक्टिंग चीफ जस्टिस बनाने का आदेश जारी किया गया है।

# महिला सशक्तीकरण से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन: मोदी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महिला सशक्तीकरण के प्रयासों के परिणाम दिखाई दे रहे हैं और देश के सामाजिक जीवन में एक क्रांतिकारी परिवर्तन महसूस किया जा रहा है।

श्री मोदी ने शुक्रवार को महिला आर्थिक सशक्तीकरण पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के प्रयासों को एक नई गति देगा। उन्होंने कहा कि देश ने इस वर्ष के बजट को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक शुभ शुरुआत के रूप में देखा है। देश के नागरिक भी अगले 25 वर्षों को इन लक्ष्यों से जोड़कर देख रहे हैं।

# भीषण सड़क हादसे में 5 मौतें

**बालोद/नवप्रदेश।** बालोद जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। यहां आयरन ओर से भरी ट्रक ने पहले तो एक कार को टक्कर मार दी। इसके बाद बाइक सवार लोगों को भी चपेट में लिया। इस हादसे में 3 लोग घायल भी हुए हैं। हादसा डौंडी थाना क्षेत्र में हुआ है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

ट्रक क्रमांक CG-19 बीजी 1705 आयरन ओर भरकर कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर की ओर से बालोद की ओर जा रही थी। गाड़ी अभी मरकाटोला गांव के पास पहुंची थी। उसी दौरान सामने से सामने से कार और बाइक भी आ रही थी। ऐसे में ट्रक चालक गाड़ी को नियंत्रित नहीं कर सका और उसने दोनों गाड़ियों को एक-एक कर टक्कर मार दी।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# शराबबंदी : बिहार मॉडल की स्टडी करने पटना पहुंची छग की टीम

**रायपुर/पटना/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शराबबंदी के ऐलान के बाद राज्य सरकार ने एक प्रतिनिधि मंडल बिहार भेजा था। इस प्रतिनिधि मंडल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार से मुलाकात कर शराबबंदी के बाद बिहार में बने सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक हालात पर चर्चा की। चूंकि इस प्रतिनिधि मंडल में विधायकों, पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा अफसर भी शामिल थे। इसलिए इसके क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। यह प्रतिनिधि मंडल बिहार के शराबबंदी मॉडल पर गहन अध्ययन कर राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपेगा जिसके आधार पर आगामी चुनाव से पूर्व शराबबंदी पर विचार किया जा सकेगा। हालांकि आबकारी मंत्री कवासी लकमा कह चुके है कि आदिवासी क्षेत्रों में शराबबंदी का निर्णय ग्राम पंचायतें और स्थानीय निकाय लेंगे।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव 2018 के कांग्रेस के घोषणा पत्र में शराब बंदी एक अहम मुद्दा था और प्रमुख विपक्षी दल भाजपा पिछले साढ़े 4 वर्षों से सरकार को याद दिलवा रही है कि शराब बंदी का वादा गंगा जल की कसम खाकर किया था उसे पूरा किया जाए। हालांकि सरकार का पूरा तंत्र इसके जवाब में एक ही बात कहता चला आ रहा है कि हम नोटबंदी की तरह शराबबंदी नहीं करेंगे। जबतक यह तय न हो जाए कि शराब बंदी का सामाजिक और आर्थिक असर क्या पढ़ता है।

गौरतलब है कि बिहार में 2016 से लागू शराब बंदी है और वहां आए दिन जहरीली शराब से मौतों की खबरे आती रहती है।

प्रतिनिधियों की एक टीम इससे पहले दिल्ली और गुजरात भी गई हुई थी। भूपेश बघेल ने बजट सत्र में पूर्ण शराबबंदी का ऐलान किया। जिसके बाद इसपर अध्ययन के लिए और अन्य राज्यों में इसे लागू करने के लिए प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है।

शराबबंदी के इस निर्णय और अन्य राज्यों में अध्ययन करने वाले प्रतिनिधिमंडल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## मोरबी पुल हादसा : गुजरात सरकार ने हाईकोर्ट में दिया हलफनामा

**पीटीआई।** गुजरात के मोरबी शहर में झूला पुल (सस्पेंशन ब्रिज) गिरने के चार महीने बाद गुजरात सरकार ने गुरुवार को हाईकोर्ट को बताया कि उसने शहरी क्षेत्रों में स्थित प्रमुख और छोटे पुलों के निरीक्षण और रखरखाव के संबंध में एक विस्तृत और समान नीति तैयार की है। राज्य सरकार ने एक्टिंग चीफ जस्टिस ए.जे. देसाई और जस्टिस बीरेन वैष्णव की बेंच के समक्ष प्रस्तुत एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# लालू यादव के करीबियों के ठिकानों पर ईडी का छापा

**पटना (वार्ता)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में पूर्व रेल मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबियों के ठिकाने पर छापेमारी की है ।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि ईडी की टीम दिल्ली, मुंबई, नोएडा और पटना में पूर्व विधायक अबू दोजाना के साथ ही राजद प्रमुख श्री लालू प्रसाद यादव के करीबियों के लगभग 15 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है । बताया जा रहा है कि ईडी की टीम श्री लालू प्रसाद यादव की तीन पुत्री हेमा, रागिनी और चंदा तथा बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के दिल्ली स्थित आवास पर भी पहुंची है।

गौरतलब है कि श्री लालू प्रसाद यादव जब वर्ष 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री थे इस दौरान उन पर जमीन के बदले रेलवे में कुछ अयोग्य लोगों को नौकरी देने का आरोप है। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और उसने श्री यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनकी दो बेटी समेत 16 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें से 14 लोगों के खिलाफ सीबीआई ने आरोप पत्र भी समर्पित कर दिया है। इस मामले में अदालत ने 14 मार्च को श्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्री मीसा भारती को अदालत में पेश होने के लिए सम्मन जारी किया है।

अदालत में पेशी से पहले ही सीबीआई ने 06 मार्च को श्री लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी से उनके सरकारी आवास पर पूछताछ की थी । इस मामले में सीबीआई ने उन्हे पूछताछ के लिए नोटिस दिया था और यह पूछताछ पहले ब्यूरो कार्यालय में होनी थी लेकिन बाद में उन्हें राहत देते हुए सीबीआई की टीम उनके घर पर ही पूछताछ के लिए तैयार हो गई।

इसके बाद 07 मार्च को श्री लालू प्रसाद यादव और उनकी बड़ी पुत्री मीसा भारती से भी सीबीआई की टीम ने उनके दिल्ली स्थित आवास पर पूछताछ की थी।

# केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, बीएसएफ में अग्निवीरों के लिए 10% आरक्षण; उम्र में भी छूट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल की बहाली में अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की घोषणा की है। वहीं, अधिकतम उम्र की सीमा में भी छूट देने की बात कही है। हालांकि, इसके लिए यह देखा जाएगा कि वह पहले बैच के हिस्सा हैं या नहीं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक नोटिफिकेशन के जरिए इसकी घोषणा की है।

गृह मंत्रालय ने कहा है कि अग्निवीरों के पहले बैच के 25 प्रतिशत उम्मीदवारों को सेना में सीधे स्थाई नौकरी दी जाएगी। बाकी 75 प्रतिशत उम्मीदवारों को विभिन्न बलों में वरीयता दी जा जाएगी।

आपको बता दें कि फिलहाल केंद्रीय सशस्त्र पुलिस फोर्स में बहाली के उम्र की सीमा 19-23 साल है। वहीं, अग्निवीर 26 साल तक अप्लाई कर सकते हैं। गृह मंत्रालय की घोषणा के अनुसार, अग्निवीरों का पहला बैच 28 वर्ष की आयु तक सीएपीएफ और असम राइफल्स में 10 प्रतिशत नौकरी कोटा का लाभ उठा सकता है।

### अधिकतम उम्र में मिलेगी छूट

केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचने के मुताबिक, अग्निवीरों के पहले बैच के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र की सीमा में पांच साल की छूट दी जाएगी। वहीं, इसके बाद के बैच के उम्मीदवारों को तीन साल की छूट मिलेगी। इसके अलावा फिजिकल एफिशियंसी टेस्ट में भी इन्हें छूट देने की घोषणा की गई है।

# शी जिनपिंग चीन के राष्ट्रपति और हान झेंग उप राष्ट्रपति चुने गए

**बीजिंग (वार्ता)।** चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से देश के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए चुन लिया है, साथ ही प्रथम उप प्रधानमंत्री हान झेंग को देश का नया उप राष्ट्रपति चुना गया है।

मतदान के परिणाम के बाद श्री शी तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति चुने जाने वाले देश पहले राजनेता बन गए हैं। इसी दौरान राज्य परिषद के फर्स्ट वाइस प्रीमियर हान झेंग को भी मतदान के जरिये देश का नया उप राष्ट्रपति चुना गया।

मतदान के अनुसार श्री शी को चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग का अध्यक्ष भी दोबारा चुना गया है।

बीजिंग में 14वीं नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के पहले सत्र के तीसरे पूर्ण सत्र में शुक्रवार सुबह मतदान हुआ।

उल्लेखनीय है कि श्री शी को पहली बार 2013 में 12वीं नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में चीन का राष्ट्रपति चुना गया था और फिर 2018 में 13वीं नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया। श्री झेंग वाइस प्रीमियर के रूप में चीन के हांगकांग और मकाओ मामलों के लिए जिम्मेदार शीर्ष अधिकारी रहे है। इसके साथ ही उन्होंने निवेश सहयोग और ऊर्जा सहयोग पर अंतर-सरकारी रूसी-चीनी आयोग की सह-अध्यक्षता की है।

# चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी, रोहित, गिल ने दिलाई सधी शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2023 का चौथा और अंतिम मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी मैच के दूसरे दिन के तीसरे सेशन में 480 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से उस्मान ख्वाजा ने 180 रन, जबकि कैमरन ग्रीन ने 114 रन की पारी खेली। भारत की तरफसे रविचंद्रन अश्विन ने छह, जबकि मोहम्मद शमी ने दो विकेट चटकाए। भारत ने अपनी पहली पारी में दूसरे दिन के तीसरे सेशन में बिना विकेट गंवाए 10 ओवर में 36 रन बना लिए हैं। दूसरे दिन स्टंप के समय रोहित शर्मा (17) और शुभमन गिल (18) क्रीज पर हैं।

दूसरे दिन का पहला सेशन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा, तो दूसरे सेशन में अश्विन ने तीन विकेट झटककर कुछ हद तक भारत की वापसी कराई। टी ब्रेक के बाद मेहमानों ने तीन विकेट गंवाए। उस्मान ख्वाजा 180 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। अक्षर ने उन्हें आउट किया। अश्विन को 6 विकेट कैमरून ग्रीन, ऐलेक्स कैरी, टॉड मर्फी, नाथन, ट्रैविस हेड और मिशेल स्टार्क के रूप में मिले।

# नायब तहसीलदार की गाड़ी की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत

■ **कार और बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत, हादसे के बाद मोटर साइकिल में लगी आग**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** महासमुंद जिले में हुए सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई है। नायब तहसीलदार की गाड़ी ने बाइक सवार दोनों को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उनकी की मौत हो गई। हादसे के बाद मोटर साइकिल में आग लग गई। जिससे बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई।

हादसा पटेवा थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक नायब तहसीलदार भवानी शंकर साहू गुरुवार शाम को झलप से बागबाहरा की ओर जा रहे थे। वो अभी झलप-बागबाहरा रोड पर नरतोरा के पास पहुंचे थे। तभी ये दुर्घटना हो गई।

### गांव से झलप जा रहे थे बाइक सवार

इस हादसे में जिन 2 लोगों की मौत हुई है। वे पठारीमुडा के रहने वाले थे। चाचा-भतीजा पठारीमुड़ा से झलप की ओर आ रहे थे। दोनों का नाम तोप सिंह दीवान(45) चाचा, सोनू दिवान(20) है। दोनों के शवों को गुरुवार शाम को ही पीएम के लिए भेज दिया गया था। अब शुक्रवार को दोनों शवों को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया है।

### गाड़ी में लिखा था लर्निंग का एल

नायब तहसीलदार कि जिस कार से यह हादसा हुआ है। उसमें लर्निंग का एल लिखा हुआ है। यह इस बात का संकेत है कि इस कार को जो शख्स चला रहा है, वह गाड़ी अभी सीख रहा है। उसे कार चलाने का अनुभव नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गरमा-गरम

**विडम्बना** गंभीर बीमारियों का खतरा

# तापमान बढ़ने से 48 हजार साल पुराना 'जोम्बी' वायरस फिर जिंदा

**वाशिंगटन।** आर्कटिक क्षेत्र में जमीन की एक सतह पर जमी बर्फके पिघलने से एक नया खतरा पैदा हो गया है। गर्म मौसम के चलते बर्फ तेजी से पिघल रही है। इसकी वजह से 48,500 सालों से जमा पड़ा 'जोम्बी' वायरस फिर से सक्रिय हो सकता है। वैज्ञानिकों ने इस बात का अंदेशा जताया है। वैज्ञानिकों का कहना है यह वायरस यदि फैलता है तो जानवरों के साथ ही इंसानों को भी शिकार बना सकता है और उन्हें गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। आशंका तो यहां तक है कि यह फैला तो कोरोना वायरस से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है।



नासा के जलवायु वैज्ञानिक किम्बरली माइनर ने कहा, 'पर्माफ्रास्ट का बदलता स्वरूप चिंता का विषय है। इसे जमाए रखना बहुत जरूरी है।' उन्होंने बर्फ से ढके इस वायरस को जोम्बी वायरस का नाम दिया है। पर्माफ्रॉस्ट के वातावरण में ऑक्सीजन की कमी होती है। यहां प्रकाश भी प्रवेश नहीं करता है। लेकिन आर्कटिक का तापमान बाकी ग्रह की तुलना में चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है। इसके कारण पर्माफ्रॉस्ट की परतें कमजोर हो रही हैं।

आपको बता दें कि किम्बरली ने पहली बार इस वायरस की खोज 2003 में की थी। यह इतने छोटे होते हैं कि इसे खुली आंखों से देखना संभव नहीं है। इसे देखने के लिए लाइट माइक्रोस्कोप का प्रयोग किया जाता है। पर्माफ्रॉस्ट में जमे हुए वायरस का पता लगाने के लिए रूसी वैज्ञानिकों की एक टीम ने 2012 में एक गिलहरी में पाए गए 30,000 साल पुराने बीज ऊतक से एक वाइल्डफ्लावर को पुनर्जीवित किया था। उन्होंने 2014 में वायरस को पुनर्जीवित करने में कामयाबी हासिल की थी। उनकी टीम ने इसे पर्माफ्रॉस्ट से अलग किया। हालांकि, इस दौरान वैज्ञानिकों ने यह कहा था कि यह इंसानों या जानवरों को नुकसान नहीं पहुंचा सकता है।

# कर्नाटक में बीजेपी ने बोम्मई को बनाया कैंपेन कमेटी का अध्यक्ष

■ **सीएम कैंडिडेट पर सस्पेंस जारी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में प्रदेश चुनाव अभियान समिति का गठन किया है। पार्टी ने चुनाव प्रबंधन समिति की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे को सौंपी है। वहीं, मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर अभी भी सस्पेंस जारी है। भगवा पार्टी अपने पुराने दिग्गज बीएस येदियुरप्पा के चेहरा को आगे कर कर्नाटक की चुनावी लड़ाई में उतरना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हाल के कर्नाटक दौरे के दौरान इसके संकेत भी दिए थे।

पार्टी ने लिंगायत समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बोम्मई को चुनाव अभियान समिति का प्रमुख और वोक्कालिगा समुदाय से आने वाली करंदलाजे को चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक नियुक्त कर, दो प्रभावशाली जातियों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा को चुनाव अभियान समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

कर्नाटक की त्रिकोणीय राजनीति में सामाजिक समीकरण हावी रहते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# संपादकीय

## आम आदमी पार्टी का प्रलाप

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमों और नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दिनों एक सुत्रीय कार्यक्रम चला रहे है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की शराब घोटाले मामले में सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी के बाद से ही अरविंद केजरीवाल लगातार केन्द्र सरकार पर निशाना साध रहे है। साथ ही ईडी और सीबीआई जैसी केन्द्रीय की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहे है। बार बार मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन को कट्टर ईमानदार बता रहे है। अरविंद केजरीवाल की देखा देखी आम आदमी पार्टी के अन्य नेता भी केन्द्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है। ये सभी आप नेता भी अरविंद केजरीवाल के सुर में सुर मिलाते हुए यही राग अलाप रहे है कि मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन कट्टर ईमानदार है, उन्होने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है। केन्द्र सरकार हमारे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रीयता से डरी हुई है इसलिए केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया को जेल भेज दिया है। यदि उनका आरोप सही भी है तो सवाल यह उठता है कि जब भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है तो झूठे केस में सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया की जगह अरविंद केजरीवाल को ही क्यों नहीं जेल भेज देती। जाहिर है चोरी पकड़े जाने पर आम आदमी पार्टी के नेता अपना आपा खो चुके है और अनर्गल प्रलाप कर खुद को दूध का धुला हुआ साबित करने की असफल कोशिश कर रहे है। इन नेताओं को न्यायालय पर भरोसा रखना चाहिए। यदि सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया बेकसूर होंगे तो न्यायालय उन्हे जरूर बरी कर देगा। इस बीच आम आदमी पार्टी के एक बड़बोले नेता संजय सिंह ने तो और भी विवादास्पद बयान दिया है। उन्होने आरोप लगाया है कि जेल में मनीष सिसोदिया की जान को खतरा है। उन्हे कुख्यात अपराधियों की बैरक में रखा गया है। जिससे उनकी जान को खतरा बना हुआ है। उनके इस आरोप का तिहाड़ जेल प्रशासन ने खंडन किया है और स्पष्ट किया है कि मनीष सिसोदिया को अलग बैरक में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। गौरतलब है कि तिहाड़ जेल नई दिल्ली की केजरीवाल के अधीन आती है। ऐसी स्थिति में मनीष सिसोदिया की जान को खतरा हो ही नहीं सकता। स्पष्ट है कि आम आदमी पार्टी के नेता बेबुनियाद आरोप लगा रहे है। बेहतर होगा कि वे इस तरह कि अनर्गल बयानबाजी से परहेज करे और जांच में केन्द्रीय एजेंसियों का सहयोग करें। उन्हे न्यायालय पर भरोसा रखना चाहिए। आम आदमी पार्टी (आप) में दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के बाद शुरू से ही नंबर दो की हैसियत रखने वाले मनीष सिसोदिया के भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाने के बाद तमाम सवाल खड़े होने लगे हैं। प्रचंड बहुमत से पंजाब में सरकार बनाने के बाद भले ही दूसरे राज्यों में 'आप' को बड़ी सफलता नहीं मिली, लेकिन मजबूती से गुजरात और गोवा विधानसभा चुनाव ने उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलवा दिया।

नीरज मनजीत

# जी-20 बैठक : बड़ी ताक़तें एक-दूसरे पर इल्ज़ाम ही लगाती रहीं

*रूस यूक्रेन युद्ध के साए में हो रही जी-20 समिट में अमेरिका और कई नाटो देशों के विदेश मंत्रियों के अलावा चीन और रूस के विदेश मंत्री भी शामिल हो रहे थे, इसलिए वैश्विक कूटनीति के तमाम समीक्षकों और विश्व समुदाय के ताक़तवर राजनेताओं की गहरी नज़र समिट के नतीजों पर लगी हुई थी। मगर सच कहा जाए तो नतीजा कुछ ख़ास नहीं निकला। सिर्फ़एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए गए और अपने पक्ष को सही ठहराने की कोशिश ही गई। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकेन और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच औपचारिक भेंट तय नहीं थी, पर भारत की पहल पर ब्लिंकेन और लावरोव की एक संक्षिप्त मुलाकात हुई। यह मुलाकात सिर्फ़हाथ मिलाने की रस्म अदायगी के अलावा और कुछ नहीं थी। अमेरिका और रूस के बंद ढीले होने का तो सवाल ही नहीं उठता। अलबत्ता ब्लिंकेन ने लावरोव से अपील की कि रूस को न्यू स्टार्ट परमाणु संधि के बारे में दोबारा सोचना चाहिए। अमेरिका और रूस के बीच परमाणु हथियारों को नियंत्रित रखने के लिए की गई यह संधि पिछले दिनों व्लादिमीर पुतिन ने सस्पेंड कर दी थी। बाद में रूस के विदेश मंत्रालय की ओर से बयान जारी किया गया कि रूस संधि के कुछ समझौतों का पालन करता रहेगा। वैसे इस ऐलान को पुतिन की 'दबाव की नीति' ही माना जाएगा।*

नई दिल्ली पिछले हफ़्ते वैश्विक बिरादरी के सर्वाधिक प्रभावशाली हलकों के लिए बड़ी हलचल के केन्द्र में था। 2 मार्च को दुनिया के सर्वाधिक शक्तिशाली संगठन जी-20 समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। इस सम्मेलन में जी-20 से जुड़े देशों के अलावा बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइज़ीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और यूएई के विदेश मंत्रियों को भी बुलाया गया था।भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अध्यक्षता में दुनियाभर के 13 प्रमुख संगठन पर्यवेक्षक के तौर पर इस बैठक में शामिल हुए। भारत को 2023 के लिए जी-20 की अध्यक्षता सौंपी गई है, इसलिए यह वर्ष भारत के नज़रिए से बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होनेवाला है। इस वर्ष जी-20 की तक़रीबन दो सौ छोटी बड़ी बैठकें भारत के कई शहरों में रखी जाएंगी। इसी सम्मेलन के बीच क्वाड देशों के विदेशमंत्रियों की अहम बैठक भी हुई। अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए इंडो-पैसिफ़िक का इलाका रणनीतिक और सामरिक दृष्टि से काफी अहम है, इसलिए क्वाड की बैठक पर चीन की भी निगाहें टिकी हुई थीं।

2 से 4 मार्च को नई दिल्ली में ही आठवें 'रायसीना डायलॉग' का बहुपक्षीय सम्मेलन भी आयोजित किया गया। रायसीना डायलॉग 2016 से हर वर्ष दिल्ली की रायसीना पहाड़ी पर रखा जाता है। इसे ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की साझेदारी में आयोजित किया जाता है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना 1990 में की गई थी। यह एक स्वतंत्र निष्पक्ष थिंक टैंक है, जो भारत के लिए सुशासन, विदेश नीति एवं आर्थिक विकास पर नीतियों का अनुसंधान करता है। इस वर्ष इटली की प्रधानमंत्री जियॉर्जियो मेलोनी बतौर मुख्य अतिथि इस महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम में शामिल हुईं। उनके अलावा अलग क्षेत्रों के 100 से ज़्यादा विद्वान, शोधकर्ता और वैश्विक मामलों के अध्येता भी शामिल हुए।

रूस यूक्रेन युद्ध के साए में हो रही जी-20 समिट में अमेरिका और कई नाटो देशों के विदेश मंत्रियों के अलावा चीन और रूस के विदेश मंत्री भी शामिल हो रहे थे, इसलिए वैश्विक कूटनीति के तमाम समीक्षकों और विश्व समुदाय के ताक़तवर राजनेताओं की गहरी नज़र समिट के नतीजों पर लगी हुई थी। मगर सच कहा जाए तो नतीजा कुछ ख़ास नहीं निकला। सिर्फ़ एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए गए और अपने पक्ष को सही ठहराने की कोशिश ही गई। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकेन और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच औपचारिक भेंट तय नहीं थी, पर भारत की पहल पर ब्लिंकेन और लावरोव की एक संक्षिप्त मुलाकात हुई। यह मुलाकात सिर्फ़ हाथ मिलाने की रस्म अदायगी के अलावा और कुछ नहीं थी। अमेरिका और रूस के बंद ढीले होने का तो सवाल ही नहीं उठता। अलबत्ता ब्लिंकेन ने लावरोव से अपील की कि रूस को न्यू स्टार्ट परमाणु संधि के बारे में दोबारा सोचना चाहिए। अमेरिका और रूस के बीच परमाणु हथियारों को नियंत्रित रखने के लिए की गई यह संधि पिछले दिनों व्लादिमीर पुतिन ने सस्पेंड कर दी थी। बाद में रूस के विदेश मंत्रालय की ओर से बयान जारी किया गया कि रूस संधि के कुछ समझौतों का पालन करता रहेगा। वैसे इस ऐलान को पुतिन की 'दबाव की नीति' ही माना जाएगा।

सर्गेई लावरोव ने अमेरिका और नाटों देशों पर सीधा इल्ज़ाम लगाया कि वे शांति की वार्ता करना ही नहीं चाहते और रूस को अस्थिर रखने के लिए इस युद्ध को लंबा करना चाहते हैं। लावरोव ने साफ़कह दिया कि यह युद्ध हमारे वजूद का सवाल है और हम किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। जबकि एंटोनी ब्लिंकेन का कहना था कि रूस पहले यूक्रेन के उन हिस्सों को खाली करे, जो रूस के कब्ज़े में हैं, उसके बाद ही बातचीत शुरू हो सकती है। कुल मिलाकर रूस यूक्रेन के बीच युद्धविराम की जो उम्मीदें जी-20 से की जा रही थीं, वह परवान चढ़ती कतई नज़र नहीं आई। भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की मुलाकात भी वैश्विक तनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही थी। इस भेंट के शायद कुछ सकारात्मक नतीजे भविष्य में हासिल हो सकते हैं। एस. जयशंकर और किन गांग के बीच हुई इस मुलाकात में चीन का रुख थोड़ा बदला हुआ था। गांग ने जयशंकर से कहा कि भारत और चीन के रिश्तों के बीच के मसले भारत सही मंच पर उठाए, तो तनाव कम हो सकता है। इसका साफ़ मतलब यही था कि भारत अमेरिका के ब्लॉक से निकले और चीन के नज़दीक आए। मगर भारत फ़िलहाल अमेरिका से दोस्ती के ऐसे मुक़ाम पर है, जहाँ से लौटकर आना भारत के लिए मुमकिन नहीं है।

इस समिट ने एक बार फिर वैश्विक बिरादरी में भारत के बढ़ते महत्व और दबदबे को रेखांकित किया। आज हालत यह है कि दुनिया का हर बड़ा देश भारत से दोस्ती और अपने रिश्ते अच्छे चाहता है। अमेरिका तो साफ़ तौर पर कहता है कि इंडो पैसिफिक इलाके में चीन के विस्तारवाद को नियंत्रित करने के लिए भारत बहुत ही महत्वपूर्ण देश है। क्वाड देशों का भी यही मत है। रूस से तो भारत की गाढ़ी दोस्ती वक़्त की कसौटी पर हर बार खरी उतरी है। वैसे देखा जाए तो विदेशनीति के मामले में भारत बहुत ही अच्छी स्थिति में है। भारत के रिश्ते इजराइल से अच्छे हैं, तो खाड़ी देशों से भी ताल्लुक़ात बहुत ही बेहतर हैं। बहुत से खाड़ी देश भारत में बड़ी रक़म निवेश कर रहे हैं। दुनिया के दोनों ताकतवर ध्रुव देशों से भारत के रिश्ते बहुत ही अच्छे हैं और दोनों भारत की बढ़ती अहमियत को अच्छी तरह जानते मानते हैं।

## आज का पंचांग (शनिवार, 11 मार्च 2023)

| | | | |
|---|---|---|---|
| बृह 12 | 12 | 29 सूर्य0 -शुक्र-28 शनि-03 | बुध-09 10 |
| 13 राहु | | 5 | 9 05 चन्द्र05-केतु-13 |
| 19 मंगल | 3 | 6 | 7 |

सूर्योदयः 06:38, सूर्यास्तः 06:21
चन्द्रोदयः 21:01, चन्द्रास्तः 08:04

### अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : बसंत, शक सम्वतः 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वतः 2079 (नल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : स्वाति (पूर्ण रात्रि), योग : वृद्धि (20:40 से ध्रुव), प्रथम करण : वणिज (09:21 तक), द्वितीय करण : विष्टि (21:42 तक)

### ॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : तुला (18:36 से), मंगल : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

### शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:04 से 12:51, अमृत काल 24:27 से 26:08, विजय मुहूर्त 14:25 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त 18:19 से 18:43, सायाह्न सन्ध्या 18:21 से 19:35, निशिता मुहूर्त 24:02 से 24:51, राहुकाल 09:00 से 10:30, राहुवास दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड 15:24 से 16:53, होमाहुति मंगल, दिशाशूल पश्चिम, अग्निवास आकाश, भद्रावास पाताल (09:21 से 21:42 तक), चन्द्रवास दक्षिण (पश्चिम 18:37 से), शिववास क्रीड़ा में (21:42 से कैलाश पर)

### चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - चर 2 - लाभ, 3 - अमृत 4 - काल, 5 - शुभ 6 - रोग, 7 - उद्वेग 8 - चर

॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - रोग 2 - काल, 3 - लाभ 4 - उद्वेग, 5 - शुभ 6 - अमृत, 7 - चर 8 - रोग

**नोटः**दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

**शुभ यात्रा दिशाः** पश्चिम-दक्षिण (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें)

**तिथि विशेष**- चूड़ाकर्म संस्कार+विद्या एवं अक्षर आरम्भ मुहूर्त प्रातः 06:46 से प्रातः 11:09 तक, नींव खुदाई एवं गृहारम्भ मुहूर्त प्रातः 07:11 से प्रातः 11:18 तक, वाहन क्रय-विक्रय मुहूर्त दोपहर 12:37 से दोपहर 02:06 तक आदि।

### आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम स्वाति नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (रा,, रू, रे, रो) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

### उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:24 से 06:50, मीन - 06:50 से 08:13, मेष - 08:13 से 09:47, वृषभ - 09:47 से 11:42, मिथुन - 11:42 से 13:57, कर्क - 13:57 से 16:19, सिंह - 16:19 से 18:37, कन्या - 18:37 से 20:55, तुला - 20:55 से 23:16, वृश्चिक - 23:16 से 25:36, धनु - 25:36 से 27:39, मकर - 27:39 से 29:20

### पञ्चक रहित मुहूर्त

रज पञ्चक - 06:33 से 06:50, शुभ मुहूर्त - 06:50 से 08:13, शुभ मुहूर्त - 08:13 से 09:47, रज पञ्चक - 09:47 से 11:42, शुभ मुहूर्त - 11:42 से 13:57, चोर पञ्चक - 13:57 से 16:19, शुभ मुहूर्त - 16:19 से 18:37, रोग पञ्चक - 18:37 से 20:55, शुभ मुहूर्त - 20:55 से 21:42, मृत्यु पञ्चक - 21:42 से 23:16, अग्नि पञ्चक - 23:16 से 25:36, शुभ मुहूर्त - 25:36 से 27:39, रज पञ्चक - 27:39 से 29:20, शुभ मुहूर्त - 29:20 से 30:32

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेष** : आज के दिन परिस्थितियां अनुकूल बन रही है। सेहत में सुधार आएगा कार्यो में गंभीरता से लगे रहेंगे।

**वृष** : आज का दिन शुभ है। स्वास्थ्य की तरफ से निश्चिन्त रहेंगे। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा कार्यो को बेहतर तरीके से करेंगे।

**मिथुन** : आज का दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। ज्यादा उलझनों वाले कार्यो से दूर रहेंगे। अकारण क्रोध के प्रसंग बनने से अशांति रहेगी।

**कर्क** : आज के दिन आप धन लाभ की आशा लगा कर रखेंगे परन्तु आशा के अनुसार नहीं होगा। मन कल्पनाओं के संसार में खोया रहेगा। कार्य क्षेत्र पर मध्यान के बाद उदासीनता मिटेगी लेकिन उधार के व्यवहार अधिक रहेंगे।

**सिंह** : आज का दिन मिश्रित रहेगा। वर्जित कार्यो की और आसानी से आकर्षित हो जाएगे। सरकार अथवा रिश्तेदारो से अशुभ समाचार मिल सकते है।

**कन्या** : आज के दिन आप अपने मन की ज्यादा सुनेंगे कार्यो में किसी का दखल आपको सहन नहीं होगा नाही आज किसी अन्य पर जल्दी से विश्वास करेंगे।

**तुला** : आज परिस्थितियां विपरीत रहेंगी। स्वास्थ्य लापरवाही के कारण ख़राब होगा। आर्थिक विषयो के फैसले सोच समझ कर ही करें हानि हो सकती है।

**वृश्चिक** : आज के दिन आप कार्यो में लापरवाही करेंगे जिससे कार्य में विलम्ब के साथ अन्य लोगो को असुविधा रहेगी। कार्य करते हुए भी मन कही और भटकेगा।

**धनु** : आज का दिन महिलाओं के लिए विशेष शुभ रहेगा निकट संबंधियों से अचानक भेंट होगी मन प्रसन्न रहेगा परन्तु किसी के तानों को अनदेखा करें शान्ति बनी रहेगी।

**मकर** : आज आप अत्याधिक भावुक रहेंगे आपसी संबंधों में स्वयं को ठगा सा महसूस करेंगे।

**कुंभ** : आज आप प्रत्येक कार्यो को देख-भाल कर ही करेंगे फिर भी सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे एवं मन में डर सा बना रहेगा।

**मीन** : आज के दिन आप विरोधियो पर विजय पाएंगे। स्वभाव में दिखावे का क्रोध रहेगा अंदर से दयालु रहेंगे ध्यान रहे अधिक परोपकारी स्वभाव हानि भी करा सकता है।

## पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### इक उनके इश्क के

इक उनके इश्क के सिवा रंग पक्का भला दूजा कौन रंग गए जब एक ही रंग में फिर दूजा भला सूझा कौन फिर भी कोई डाले रंग हर रंग सहज स्वीकार है रंगों में मिले रंग अनेक ये रंगीलों का ही त्यौहार है।

**- संत आर थवाईत**

### रात गहरी थी जब

रात गहरी थी जब हमें पैरों की धूल की उपमा दी थी अपने हिस्से का आसमान तंग था एक कतरा रोशनी के लिए भी तरसता भले ही आज उंगलियां रक्तरंजित है पर आखिर हमने उगा ही दिया अपने फ़लक पर एक सूरज अपने स्वाभिमान का।

**- सरिता शैल**

खास पाती

### होठों पर चिपकी गाढ़ी

होठों पर चिपकी गाढ़ी लिपस्टिक और चौड़ी मुस्कुराहटें आंखों में धारधार काजल और क़तरा-क़तरा जीवन जी लेने की अबुझी प्यास सलीके से सँवारे गए केश कभी खुले लहराते और कभी गूंथे चोटी या जुड़े में मन पसंद रंग के परिधान में दमकता व्यक्तित्व हर बार किसी स्त्री के फैशनपरस्त होने का प्रमाणपत्र नहीं होता न तो, उसके चोटिल मन को छुपाने की कोई जुगत होता हैं बल्कि, कई बार ये रूढ़ियों के विरुद्ध, असहमतियों की देहरी लाँघते उसके आत्मविश्वास भरे पहले क़दम की उद्घोषणा भी होता है। **- आभा खरे**

### कहाँ कहती हूँ तू मुझको सँभाले

कहाँ कहती हूँ तू मुझको सँभाले। भँवर से इश्क़ के लेकिन निकाले। मेरी आँखों में जो ख़ामोशियाँ हैं, करूँ तेरी समा'अत के हवाले। मुझे हर फ़सला मंजूर है पर, मिले तो बस ज़रा सा मुस्करा ले। पुराने क्यों मुझे लगने लगे हैं, रिवाज़ो-रस्मो-मज़हब के हवाले। शराफ़्त का सिला ऐसा मिला है, पशेमानी न मुझको मार डाले। मेरे दिल पर लिखा है नाम तेरा, ये तुझ पे है सँभाले या उछाले। अँधेरों से कभी डरना न रूपम पुकारेंगे तुझे इक दिन उजाले।

**- निरुपमा चतुर्वेदी**

### मुझको रंग लगाना चाहता है

मुझको रंग लगाना चाहता है वो मुझपे रंग जमाना चाहता है । मौसम ए बसंत बहार है हसीं मगर प्रीत बढ़ाना चाहता है । देख तन बदन की हरियाली मगर पिचकारी चलाना चाहता है । गाल गुलाल व डिम्पल बतिया के होली में भीगने का बहाना चाहता है।

**- सुरेश वैष्णव**

### कण कण टेसू महक रहा है

कण कण टेसू महक रहा है फिर भी सूना मन आंगन मुस्कानों की रार ठनी है पीठ दिखाते आद्र नयन होन लगी अब ऋतु कचनारी नव पल्लव श्रृंगार किए चहक रही है वसुधा सारी होली का त्योहार प्रिए किंतु जिंदगी धूल धूसरित ज्यूँ पतझर की खुश्क पवन भरी गमों की पिचकारी ले श्वांसे खेल रही होली इच्छाओं की रंग पोटली लिए हाथ आई टोली लिए फाग का नेह निमंत्रण सहमा द्वार खड़ा फागुन अरमानों की रिक्त टोकरी इसमें रंग गुलाल नहीं स्वागत अगर न हो पाए तो करना कोइ सवाल नहीं दग्ध पलाश न भाते हैं अब होन लगी इनसे अनबन। **- रजनी रामदेव**

### मैं रंग हूँ, मकरंद हूँ, खुशबू हूँ

मैं रंग हूँ,मकरंद हूँ,खुशबू हूँ चमन की छूने की हिमाकत न करे कोई भी कभी पाठशाला है यही संस्कार की नारी ही होती धुरी परिवार की चल रही है कंधे से कंधा मिला आज की नारी किसी से कम नहीं। **- अजय अज्ञात**

### प्रेम भाव से खेलिये होली का

प्रेम भाव से खेलिये ,होली का ये रंग। हर्षोल्लास देता रहे ,अपनों का ये संग। अपनों का ये संग, हमेशा सबको भाता। होली का हुड़दंग ,दिलों में खुशियाँ लाता। कहते कवि गिरि राज ,खेलिए बड़े चाव से। होली का ये रंग , लगाएं प्रेम भाव से। **- संजय कुमार गिरि**

### वो एक पुराना ख़त है खुशबुओं

वो एक पुराना ख़त है खुशबुओं से भरा हुआ उदासियों में रोशनी-सा चमकता हुआ रखा है दिल की दराज़ में झिरियों से झाँकती हैं खुशियाँ... ख़त अब एक बरस और पुराना हुआ जाता है। **- शिवानी जयपुर**

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1624 - इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1801 - ग्रेट ब्रिटेन में पहली बार जनगणना की गई। 1847 - हवाई में पहले सिक्के की ढलाई की गई। 1862 - ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने जांजीबार की आजादी को मान्यता दी। 1876 - अमरीकी अविष्कारक एलेग्ज़ेन्डर ग्राहम बेल ने टेलीफ़ोन का अविष्कार किया और आज ही के दिन ग्राहम बेल और उनके सहयोगी वाटसन के बीच पहली सफल टेलीफ़ोन पर बातचीत हुई। 1872 - भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक नेता मौलाना उबैदुल्लाह सिंधी का जन्म। 1893 - आइवरी कोस्ट फ्रेंच सम्राज्य का हिस्सा बना। 1897 - नारी शिक्षा की प्रणेता सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रसिद्ध कवयित्री सावित्री बाई फुले का निधन। 1922 - महात्मा गांधी राजद्रोह के मामले में गिरफ्तारी के बाद छह वर्ष के लिये जेल भेजे गये। 1945 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमरीकी युद्धक विमानों ने जापान की राजधानी टोकियो पर भीषण बमबारी की।

## QUIZ TIME

1) भारत का पहला एक्का पार्क किस राज्य में स्थापित किया जाएगा?
2) कार्बन तटस्थ दर्जा प्राप्त करने वाला देश का पहला सीड फार्म कौन सा है?
3) उत्तराखण्ड कैबिनेट ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय को नैनीताल से कहाँ स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है?
4) किस राज्य सरकार ने भारत की पहली आदिवासी स्वास्थ्य वेधशाला बनाने की घोषणा की?
5) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने विश्व की सबसे बड़ी वराह मूर्ति की खोज कहाँ की है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अरुणाचल प्रदेश (2) अलुवा: केरल (3) हल्द्वानी (4) ओडिशा (5) बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व

## प्रेरक प्रसंग : अहंकार ने हमेशा परेशानी के सिवा कुछ नहीं दिया

बहुत समय पहले की बात है। एक गांव में एक मूर्तिकार (मूर्ति बनाने वाला) रहता था। वह ऐसी मूर्तियां बनता था, जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवित होने का भ्रम हो जाता था। आस-पास के सभी गांव में उसकी प्रसिद्धि थी, लोग उसकी मूर्तिकला के कायल थे। इसीलिए उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था। जीवन के सफर में एक वक्ता ऐसा भी आया जब उसे लगने लगा कि अब उसकी मृत्यु होने वाली है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएगा। उसे जब लगा कि जल्दी ही उसकी मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया। यमदूतों को भ्रमित करने के लिए उसने एक योजना बनाई। उसने हुबहू अपने जैसी दस मूर्तियां बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जा कर बैठ गया।

यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी ग्यारह आकृतियों को देखकर दंग रह गए। वे पहचान नहीं कर पा रहे थे कि उन मूर्तियों में से असली मनुष्य कौन है। वे सोचने लगे अब क्या किया जाए। अगर मूर्तिकार के प्राण नहीं ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिए मूर्तियों को तोड़ा गया तो कला का अपमान हो जाएगा। अचानक एक यमदूत को मानव स्वाभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया। उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा, कितनी सुन्दर मूर्तियां बनी हैं, लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटी है। काश मूर्ति बनाने वाला मेरे सामने होता, तो मैं उसे बताता मूर्ति बनाने में क्या गलती हुई है।

यह सुनकर मूर्तिकार का अहंकार जाग उठा, उसने सोचा, मेने अपना पूरा जीवन मूर्तियां बनाने में समर्पित कर दिया, भला मेरी मूर्तियों में क्या गलती हो सकती है? वह बोल उठा ÷कैसी त्रुटी÷ज झट से यमदूत ने उसे पकड़ लिया और कहा ÷बस यही गलती कर गए तुम अपने अहंकार में कि बेजान मूर्तियां बोला नहीं करती÷ज!! इस कहानी की शिक्षा यही है कि अहंकार ने हमेशा इन्सान को परेशानी और दुःख के सिवा कुछ नहीं दिया।

## वर्ग पहेली

### शब्द सामर्थ्य -364

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बाया, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भस्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 363 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के लिए 100 करोड़

- **योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बजट में 100 करोड़ रूपए का प्रावधान**
- **किसानों को सालाना प्रति एकड़ 15 से 50 हजार रूपए तक की आय**

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य में वृक्षों के व्यवसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए ''मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना'' को लागू किए जाने की घोषणा की गई है। योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है। राज्य में इसके सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री बघेल द्वारा वर्ष 2023-24 के प्रस्तुत बजट में 100 करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में ''मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'' लागू किये जाने की घोषणा उपरान्त छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना की क्रियान्वयन की तैयारी में वन विभाग जुट गया है और तैयारियां जोरो पर है। वन विभाग द्वारा वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन और वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ के निर्देशन में अब तक 19 हजार से अधिक हितग्राहियों के लगभग 30 हजार एकड़ निजी भूमि में वृक्षारोपण हेतु पंजीयन किया जा चुका है।

**मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत 5 वर्षों में 1 लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य:** मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत किसान, इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं शासन के स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, पंचायत तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। राज्य शासन द्वारा 1 वर्ष में 36 हजार एकड़ तथा 5 वर्षों में 1 लाख 80 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुल 15 करोड़ वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।इस योजनांतर्गत राज्य शासन द्वारा 5 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी। चिन्हित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी हेतु न्यूनतम क्रय मूल्य का निर्धारण भी शासन द्वारा किया जाएगा।

5 वर्षों में रोपित सभी प्रजातियो के वृक्ष परिपक्व होने पर उनका मूल्य 10 हजार करोड़ रुपये होने की सम्भावना है। इस योजना से किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 15 हजार से 50 हजार रूपए तक की आय सम्भावित है। इसके अतिरिक्त कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी।

मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी पात्र होंगे। इसके अलावा शासकीय, अर्धशासकीय तथा शासन के स्वायत्व संस्थान जो अपने स्वयं के भूमि पर रोपण करना चाहते हैं, पात्र होंगे।

### इस वर्ष 12 प्रजाति के वृक्षों का 30 हजार एकड़ रकबे में होगा रोपण

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत राज्य में इस वर्ष 12 प्रकार के प्रजाति के वृक्ष का 30 हजार एकड़ रकबे में रोपण किया जाएगा। इनमें से क्लोनल यूकलिप्टस का 17 हजार 182 एकड़ में, रूटशूट टीक का 6 हजार 456 एकड़ में, टिश्यू कल्चर का 2 हजार 617 एकड़ में, चंदन का 1 हजार 462 एकड़ में, मेलिया दुबिया का 8 सौ 34 एकड़ में, सामान्य बांस का 7 सौ 37 एकड़ में, टिश्यू कल्चर बम्बू का 6 सौ 7 एकड़ में, रक्त चंदन का 1 सौ 26 एकड़ में, आमला का 43 एकड़ में, खमार का 40 एकड़ में, शीशम का 20 एकड़ में तथा महानीम का 20 एकड़ रकबे में लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

## कस्टम मिलिंग के लिए 105 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की कुशल प्रबंधन के कारण अब तक कस्टम मिलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव निरंतर जारी है। कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव अंतिम चरण में है। अब तक लगभग 105 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है, जबकि लगभग 107 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की सफलतापूर्वक खरीदी की गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए सीधे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 23 लाख 42 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। किसानों को धान खरीदी के एवज में 22 हजार 67 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

## खाद्य मंत्री भगत आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वच्छता दीदियों से करेंगे मुलाकात

**अंबिकापुर/रायपुर/नवप्रदेश।** खाद्य और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत 11 मार्च को अंबिकापुर स्थित विश्रामगृह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और स्वच्छता दीदियों से मुलाकात करेंगे। वे इस दिन हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर से अंबिकापुर जाएंगे और वहां शाम 4.30 बजे सर्किट हाऊस में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 6 मार्च को बजट पेश करते हुए सभी वर्गों का ख्याल रखा है। बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं और स्वच्छता दीदियों के मानदेय में भी वृद्धि भी शामिल है। मंत्री भगत इस दौरान जनप्रतिनिधियों और मीडिया के प्रतिनिधियों से भेंटकर स्थानीय समस्याओं के संबंध में चर्चा करेंगे।

## मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी की व्यवस्थाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज यहां शाम को मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी पहुंचकर वहां एसएनसीयू वार्ड का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर के निर्देश पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने 10 नए बेड की व्यवस्था की गई है। अब एसएनसीयू वार्ड में बेड की संख्या 21 हो गई है। वहां चिकित्सा अधिकारियों ने मानव संसाधनों की समुचित व्यवस्था करने के संबंध में कलेक्टर से चर्चा किया। चिकित्सकों ने बताया कि 28 दिन तक के बच्चे को इस वार्ड में रखा जाता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ प्रकाश गुप्ता सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## वन विभाग द्वारा एक वाहन सहित सागौन का अवैध चिरान जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** वन विभाग द्वारा वन अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान लगातार जारी है। इस तारतम्य में विगत दिवस वन मंडल बिलासपुर के बेलगहना परिक्षेत्र अंतर्गत एक वाहन- ट्रेक्टर सहित सागौन के 18 नग सिलपट जब्त किए गए है। इसके जब्ती की कार्रवाई वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देशन में गठित विभागीय टीम द्वारा क्षेत्र में गस्त के दौरान की गई। विभााग द्वारा आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ वनोपज अधिनियम के तहत कार्रवाई जारी है।

## एक्सिस बैंक ने किसानों को ग्रामीण ऋण उत्पाद उपलब्ध कराने हेतु आईटीसी लिमिटेड के साथ सहयोग किया

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारत के तीसरे सबसे बड़े प्राइवेट बैंक, एक्सिस बैंक ने आज आईटीसी लिमिटेड के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। इस सहयोग का उद्देश आईटीसी के कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल किसानों को बैंक के ऋण उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह साझेदारी एक्सिस बैंक को देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले और अल्प सेवा प्राप्त किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाएगी। बैंक द्वारा परिसंपत्ति और देयता उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी जैसे कि कृषक ऋण, स्वर्ण ऋण आदि। एक्सिस बैंक किसानों तक पहुंचने और उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फुल-स्टैक एग्री-टेक एप्लिकेशन आईटीसीमार्स (मेटा मार्केट फॉर एडवांस्ड एग्रिकल्चरल रुरल सर्विसेज) का उपयोग करेगा। इसके अतिरिक्त, यह भारत के 656 जिलों में स्थित अपनी ग्रामीण-शहरी और अर्ध-शहरी (आरयूएसयू) शाखाओं के माध्यम से किसानों को उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला भी उपलब्ध कराएगा।

AXIS BANK

## पुलिस थाने के भीतर एएसआई की हत्या, मचा हड़कंप

**कोरबा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के बांगो पुलिस थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। उनका शव थाना परिसर के निकट बैरक में मिला है। मामले की गहनता से छानबीन शुरू हो गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार की बीती रात नाईट गश्त पर ड्यूटी लगी थी। रात लगभग 1:00 तक उनका मोबाइल पर अपने परिजनों और सहकर्मियों से बात हो रही थी। संभवत इसके बाद वह बैरक स्थित अपने कक्ष में विश्राम के लिए चले गए थे। वही रात में किसी वक्त अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी।

## कुलपति विश्वविद्यालयों में बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करें: राज्यपाल

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राज्य के विभिन्न शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से प्रदेश के विश्वविद्यालयों की गतिविधियों, समस्याओं आदि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विश्वविद्यालयों की नैक (एन.ए.ए.सीं.) ग्रेडिंग, विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की संख्या, दर्ज विद्यार्थियों की संख्या आदि की जानकारी ली। उन्होंने कुलपतियों को विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो को विभिन्न विश्वविद्यालयों के लम्बित दीक्षांत समारोहों की जानकारी लेकर विश्वविद्यालयों में शीघ्र ही समारोह का आयोजन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह, विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। इसका प्रभाव विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ता है। दीक्षांत समारोह समय पर आयोजित किए जाएं ताकि उनके शिक्षा एवं कैरियर में किसी प्रकार की हानि न हो।

राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि विश्वविद्यालयों की समस्याओं आदि के संबंध में उन्हें राजभवन सचिवालय के माध्यम से प्रतिवेदन प्रेषित किए जाएं ताकि राज्य शासन से समन्वय के जरिए इन समस्याओं का निराकरण किया जा सके। उन्होंने आगामी दीक्षांत समारोहों के संबंध में कार्ययोजना बनाकर राजभवन सचिवालय को प्रेषित करने को कहा।

## दिव्यांग बच्चों की देख-रेख व शिक्षा के माध्यम से भविष्य निर्माण का कार्य अत्यन्त पुनीत

- **अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकारियों ने अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल को दी सौजन्य भेंट और सौगातें**

**रायपुर/नवप्रदेश।** अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत बच्चों की देख-रेख व शिक्षा के माध्यम से भविष्य निर्माण के कार्य को अत्यन्त पुनीत बताते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट प्रा. लि. (बैकुण्ठ-तिल्दा) के अधिकारियों ने भाव-विभोर होकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। अल्ट्राटेक सीमेंट (ईस्ट) के सीईओ आशीष पनपालिया के मार्गदर्शन में अधिकारीगण उक्त विद्यालय में अध्ययनरत मूक-बधिर बच्चों से स्नेह भेंट करने पहुँचे थे।

राजधानी स्थित राजेन्द्रनगर की बजाज कॉलोनी (सेक्टर-1) के इस विद्यालय में यह कार्यक्रम आयोजित था। अधिकारियों ने शालेय व्यवस्था, अध्ययन-अध्यापन और बच्चों की देख-भाल पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने एक-एक कक्षा में जाकर बच्चों से भेंट कर उन्हें अपने स्नेह से अभिभूत किया। मूक-बधिर बच्चों ने जब सांकेतिक भाषा में अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकारियों का स्वागत किया और उपहार देने के लिए आभार व्यक्त किया तो अधिकारीगण भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट के स्टेट हेड संजय ठाकुर, युनिट हेड देवनाथ गुहा, एचआर हेड विकास वर्मा, सीएसआर हेड रूपेन पटनायक, मार्केटिंग हेड आर एस राठौर के साथ ही नगर निगम के पूर्व महापौर व मौजूदा सभापति प्रमोद दुबे उपस्थित थे। इस मौके पर रायपुर नगर निगम के सभापति दुबे ने अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकारियों को बताया कि दूसरे शहरों से अध्ययन के लिए आए बच्चों के लिए यहाँ छात्रावास की सुविधा भी है। छात्रावास के साथ ही भोजन, कपड़े इन बच्चों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट के द्वारा अपने सामाजिक सरोकारों का ईमानदारी के साथ निर्वहन करने पर दुबे ने प्रसन्नता जाहिर की। स्टेट हेड ठाकुर ने समिति के कार्य को अत्यन्त पुनीत बताकर सराहा वहीं युनिट हेड गुहा ने इन बच्चों के बीच आकर आत्मसंतुष्टि मिलने की बात कही और मूक-बधिर बच्चों की प्रतिभा को सराहा।

## सचिव संघ ने नियमितीकरण नहीं करने पर गोबर खरीदी से किया इंकार

- **सचिव संघ ने राज्य सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप**

**रायपुर/ जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ने पंचायत संचालनायल और संचालक कृषि विभाग को पत्र लिखकर बताया कि पंचायत सचिवों का शासकीयकरण नहीं करने के कारण गोबर खरीदी कार्य नहीं करने की निर्णय सचिव संघ ने लिया है। बजट में संविदा पर कार्यरत सचिवों की अनदेखी से नाराज होकर यह निर्णय लिया गया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष तुलसी साहू ने कहा कि ने छत्तीसगढ़ में कार्यरत प्रदेश पंचायत सचिवों को दिए गए आश्वासन को अमल नहीं करते हुए बजट 2023-24 में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के विषय में किसी भी प्रकार का प्रावधान नहीं किया गया। इससे पंचायत सचिव संगठन में मायूसी और खासी नाराजगी है। इसके चलते निर्णय लिया गया है, कि प्रदेश के किसी भी ग्राम पंचायत में पंचायत सचिवों के द्वारा गोबर खरीदी कार्य नहीं करेंगे।

इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों तुलसी साहू ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि पंचायत सचिव को शासन की तरफ से नियमित नहीं किया गया है। जिसकों लेंकर पंचायत सचिवों में गुस्सा देखने को मिल रहा है। कोरोना के समय 16 महीने के दौरान 73 पंचायत सचिवों की कोरोना से मौत हो गई और 04 पंचायत सचिवो ने आत्महत्या कर ली।

## मुख्यमंत्री ने तेन्दू से बने आइसक्रीम को चखकर स्वाद की सराहना की

**रायपुर/नवप्रदेश।** फाल्गुन मंडई कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के नवाचार पहल के तहत तेंदू फल से निर्मित आइसक्रीम का भी स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने उसके स्वाद की प्रशंसा करते हुए इसे एक सराहनीय पहल बताया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन, दन्तेवाड़ा के सहयोग से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र दन्तेवाड़ा द्वारा मौसमी तेंदू के फल से आइसक्रीम बनाने का कार्य किया जा रहा है।

तेंदू का पेड़ लघु वनोपज के श्रेणी में आता है। इसके पत्तियों को बीडी बनाने के उपयोग में लाया जाता है, जो कि बस्तर में हरा सोना के नाम से प्रचलित है। यह भारत के पूर्वी हिस्सों एवं मध्य भारत में बहुतायत में पाया जाता है। अभी तक व्यावसायिक रूप से इसके पत्तियों का उपयोग किया जाता रहा है व फल का उपयोग ग्रामीण जन अपने खाने में तथा उसी मौसम में लोकल बाजारों में ही बेच कर आय प्राप्त करते है। ताजा पके फल को सुरक्षित रखने की अवधि बहुत कम होती है। अगर ताजे फल के गुदा को प्रसंस्करण कर माईनस 20-40 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखते है तो पूरे वर्ष भर तेन्दू फल का स्वाद लिया जा सकता है। जिसके तारतम्य में कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा तेंदू फल का प्रसंस्करण कर आइसक्रीम व तेन्दू शेक बनाने संबंधी नवाचार का कार्य प्रारंभ किया गया है।

तेन्दू फल में किये गये अनुसंधान के अनुसार तेन्दू फल एक प्रभावी एन्टीआक्सीडेंट, रेशे का अच्छा स्त्रोत, हृदय रोग के लिये लाभदायक तथा मधुमेह को नियंत्रित करने में सहायक है। साथ ही इस फल में पोटेशियम, कैल्शियम, फास्फोरस एवं अन्य खनिज तत्व अच्छी मात्रा में पायी जाती है।

## शिक्षित युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैम्प 14 को

**रायपुर/नवप्रदेश।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 14 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर रायपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से डोमिनोस पिज्जा एवं कारोहम एजुकेशन प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा बिजनेस / गेस्ट डिलाईट एसोसियेट्स एवं एकाउंटेंट के 430 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए 8वीं, 10वीं एवं स्नातक (टैली ईआरपी 9 एम.एस. ऑफिस के व्यावहारिक ज्ञान सहित) आवेदक भर्ती के लिए पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 10 से 25 हजार रूपये प्रतिमाह भुगतान किया जाएगा।

**शुभारंभ** | विश्व किडनी दिवस पर वॉकाथॉन और पोस्टर के माध्यम से स्वस्थ किडनी का संदेश

# एम्स में बच्चों के लिए विशेष किडनी क्लिनिक

**रायपुर/नवप्रदेश।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में बच्चों के लिए पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी के विशेष क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। इसमें किडनी रोगों से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाएगा। अभी एम्स में प्रत्येक सप्ताह लगभग बीस बाल किडनी रोगी पीड़ित पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों ने किडनी रोगों से बचने के लिए जीवन शैली में आवश्यक परिवर्तन अपनाने को कहा है।

विशेष क्लिनिक का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि इससे बच्चों में किडनी रोग के कारणों और इसके उपचार के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे भविष्य में किडनी रोग से पीड़ित बच्चों पर शोध भी संभव हो सकेगा।

विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया विशेष क्लिनिक प्रत्येक गुरुवार को नौ से एक बजे तक आयोजित होगा। वर्तमान में विभाग में 90 बाल किडनी रोगी रजिस्टर्ड हैं जिनमें से लगभग 10 को नियमित डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है। इन्हें मुख्य रूप से चेहरे, पैर और पेट पर सूजन की शिकायत होती है।

उन्होंने बताया कि विभाग में औसतन 1500 किडनी रोगी प्रतिमाह आ रहे हैं। इनमें लगभग 100 रोगी नए होते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते किडनी रोग को रोकने के लिए जीवन शैली में आवश्यक परिवर्तन करने होंगे। इसके लिए प्रति दिन आठ से दस गिलास पानी पीने की आदत डालें जिससे डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। कोई भी दवा खासतौर पर दर्द निवारक, बिना चिकित्सकीय परामर्श के न लें। इसके साथ ही अधिक नमक के सेवन से बचते हुए मौसमी सब्जियां और फलों को अपने नियमित आहार में शामिल करें। फास्ट फूड से भी स्वयं को बचाने की आवश्यकता है। शुगर और बीपी को भी नियमित चेक करवाते रहे। योग से भी किडनी रोगों से बचाव किया जा सकता है।

इससे पूर्व विभाग की नर्सिंग ऑफिसर उर्मिला की याद में पौधारोपण किया गया। उर्मिला के परिजनों ने हाल ही में उसकी किडनी और कॉर्निया दान की थी। इसके साथ ही पोस्टर प्रजेंटेशन और वॉकाथान के माध्यम से परिसर के आसपास के लोगों को नियमित रूप से पैदल चलने और साइकलिंग करने का संदेश दिया गया जिससे किडनी और फेफड़े स्वस्थ रहे।

कार्यक्रमों का आयोजन नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और नर्सिंग कालेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें प्रो. अनिल कुमार गोयल, डॉ. दिबाकर साहू, डॉ. रोहित ने भाग लिया।

## न्यूज गैलरी

# पद्मश्री अशोक साहू कल से प्रदेश के तीन दिवसीय प्रवास पर

**रायपुर/नवप्रदेश।** अंतरराष्ट्रीय विपश्यना केन्द्र के प्रबंधकीय ट्रस्टी पद्मश्री श्री अशोक साहू प्रदेश के तीन दिवसीय प्रवास पर कल शनिवार को पहुँच रहे हैं। इस दौरान श्री साहू प्रदेश के तीन केन्द्रों पर सामुहिक साधना में शामिल होंगे।

विपश्यना आचार्य श्री सीताराम साहू ने बताया कि श्री अशोक साहू अपने प्रवास के दौरान विभिन्न विपश्यना केन्द्रों का अवलोकन करेंगे। वे 11 मार्च को दुर्ग के थनोद स्थित विपश्यना केन्द्र में दोपहर एक से दो बजे तक तथा शाम साढ़े चार से साढ़े पाँच बजे तक रायपुर के सिंगारभाठा विपश्यना केन्द्र में सामुहिक साधना में शामिल होंगे। वे रविवार को साधकों से भेंट मुलाकात करेंगे तथा 13 मार्च सोमवार को बिलासपुर के भरारी विपश्यना केन्द्र में दोपहर एक से दो बजे तक सामुहिक साधना में शरीक होंगे। उल्लेखनीय है कि कानपुर के उद्योगपति श्री अशोक साहू को विपश्यना साधना के प्रचार - प्रसार के लिए वर्ष 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। विपश्यना आचार्य श्री सीताराम साहू ने पुराने साधकों से अधिक से अधिक संख्या में सामुहिक साधना में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ विपश्यना ट्रस्ट द्वारा रायपुर के सिंगारभाठा के निर्माणाधीन विपश्यना केन्द्र ( अभनपुर रोड केन्द्री के पास) में पुराने साधकों के लिए एक दिवसीय शिविर आयोजित किया जाता है। इसके अलावा रायपुर में प्रति रविवार साप्ताहिक समूह साधना योग टॉवर (अनुपम गार्डन के सामने) में आयोजित किया जाता है।

# एक दिवसीय शिशु नगरी का हुआ आयोजन

**भाटापारा/नवप्रदेश।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के तत्वाधान में शिशु नगरी का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर भाटापारा में संपन्न हुआ, जिसमें नगरी विद्यालय से अर्जुनी बलौदा बाजार पलारी लवन एवम ग्राम भारती से निपनिया कड़ा आर, तरेंगा मल्दी नवापारा कर्मदा लाहोद से 113 भैया बहन एवम 23 संरक्षक दिदिया अपनी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में व्यवस्थापक अनिल जैन समिति के उपाध्यक्ष हंसा राठी दीदी विभाग समन्वयक रामकुमार वर्मा सहसचिव विशाल पारप्यानी उपस्थित रहे ।अपने उद्बोधन में हंसा राठी ने शिशु नगरी कार्यक्रम के उद्देश्य और आवश्कता पर विशेष रूप से जोर दिया ।विभाग समन्वयक रामकुमार वर्मा ने भी बच्चो के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उनका सतत आंकलन एवम मूल्यांकन समय समय पर होते रहने की बात कही ताकि हम उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को समय रहते मूरत रूप दे सके प्रतिभा वान भैया बहनो को मंचस्थ अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया आभार प्राचार्य तेज राम साहू ने किया। परिचय एवम स्वागत प्रधानाचार्य लखन लाल साहू ने किया।आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिशु वाटिका प्रमुख कंचन पटेल वैशाली तिवारी सपना श्रीवास एवम रत्ना दीदी तथा विद्यालय के सभी आचार्यो एवम दीदियों का योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख राम कुमार राठौर अचार्य ने दी।

# मानदेय बढ़ाने के लिए ग्राम पटेल संघ ने सीएम के प्रति जताया आभार व्यक्त

**कवर्धा/नवप्रदेश।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व कवर्धा के विधायक श्री मोहम्मद अकबर से ग्राम पटेल संघ के सदस्यों ने मिलकर ग्राम पटेल का मानदेय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मानदेय बढ़ने पर वे सरकार के प्रति कृतज्ञ हैं। ग्राम पटेल संघ के सदस्यगण राजधानी रायपुर स्थित कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के शासकीय निवास कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुष्पगुछ भेंट कर कैबिनेट मंत्री का अभिनंदन किया। मंत्री श्री मोहम्मद अकबर से भेंट करने वाले ग्राम पटेल संघ के सदस्यों में अशोक चंद्रवंशी, घुरूवा लाल बहादुर चंद्रवंशी, मोहित (रामअनुज), रूपनारायण शर्मा, दुलेश्वर जायसवाल, भोजराम चंद्रवंशी, रोहित पटेल, प्रकाश चंद्रवंशी, हरक सिंह राजपुत, व्यासनारायण साहू, चन्द्रप्रकाश मानिकपुरी, मिहिर झा, तुलाराम साहू, तुलाराम पटेल, गनपत साहू, धरम धुर्वे, हेमु जंघेल, श्रवण चंद्रवंशी, सुखउ पटेल, मोहित चंद्रवंशी, लालजी चंद्रवंशी, संतोष जायसवाल, जगदेव जायसवाल, जनकू पटेल शामिल थे। इस अवसर पर विशेष रूप से छत्तीसगढ़ क्रेडा के सदस्य कन्हैया लाल अग्रवाल, सुधीर दुबे उपस्थित थे।

# मछली पालन ठेका नहीं मिलने पर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**भटगांव/नवप्रदेश।** भटगांव शिव सेना संगठन द्वारा जनहित में आवेदन किया गया है नगर वासियों के नगर के बड़े तालाब का पानी खराब हो रहा है और अडबंधा तालाब एक ऐसा तालाब है जहां हर वर्ष पानी भरता है और निकासी होता रहता है गर्मी के दिनों मेंआधे से ज्यादा बस्ती के लोग पानी की कमी के कारण तालाब की ओर स्नान आदी करने के लिएआते हैं जहां मछली ठेकेदार द्वारा मछली पालन के लिएअनेक प्रकार की मिश्रण डालकर अडबंधा का पानी जो हमेशा स्वच्छ रहता था उसे पूरी तरह खराब कर दिया गया है और नहर मे खराब पानी आने से अडबंदा तालाब नगर में यही एक ऐसी तालाब है जो गर्मी के दिनों में लोगों के लिए वरदान साबित होता है और यही नहीं नगर में आने वाले आसपास के ग्रामीणभी गर्मी के दिनों में अनुबंधा तालाब का पानी मैं स्नान करके जाते हैं जो नगर ही नहीं आसपास के लोगों के लिए भी अच्छा साबित होता है कैसेतलाब को नगर हित में अडबंधा तालाब को ठेका मुक्त रखा जाए।

वहीं कि नगर के वार्ड क्रमांक 11 दूधनाथ केवट घर गली से कुंवा चौक तक तथा वार्ड क्रमांक 13 राजकुमार घर से रोड बजरंगबली चौक तक एवं वार्ड क्रमांक 9 मेन रोड मुमताज घर से जयसवाल औघर तक नाली निर्माण नहीं किया गया है नहीं किसी प्रकार की नालियों को सुधार किया गया जिससे वार्ड वासियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बरसात के दिनों में नाली का गंदे पानी घर में घुसता है एवं नाली निर्माण नहीं होने बीमारी फैलने अंदेशा बना रहता है इस समस्या को दूर करने में नगर पंचायत किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण आज भी लोग नाली निर्माण के अभाव में परेशानियां झेल रहे हैं जल्द से जल्द नगर वासियों के हितों में नाली निर्माण किया जाए आवेदन करता शिव सेना संगठन तथा नगर वासियों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन किया गया जिसमें शिव सेना जिला अध्यक्ष गगन वैष्णव जिला महासचिव सरोज चंद्रा जिला उपाध्यक्ष राजू आदित्य जिला सचिव क्रांति दास मानिकपुरी जिला महिला सेना अध्यक्ष संगीता केवट जिला युवा सेना अध्यक्ष राजू प्रजापति नगर पंचायत भटगांव सदस्य पदाधिकारी एवं नगरवासी जिसमें चंद्रशेखर साहू, छगनलाल, रवि कहासाहूआदि ,सम्मे दर्गेश साहू, घसियाराम ,जीतू ,राजकुमार नागवंशी ,लोकेश्वर ,उमेश कुमार ,गजानंद ,नरेश नागवंशी ,आरती नागवंशी, सुंदर मती, संजय नागवंशी, संतोषी ,पुष्पा देवी, अशोक कुमार, संगीता इस तरह 50 से 55 नगर वासियों ने नाली निर्माण कार्य के लिए तथा अरे बंधा तालाब को मछली पालन हेतु ठेका नहीं देने बाबत आवेदन पर हस्ताक्षर किया है

# बिटाल में आयोजित फाग प्रतियोगिता में शामिल हुए जगजीत सिंह

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिटाल में संस्कार नव युवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जगजीत सिंह भाटिया (लक्की) पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो शामिम हुए। वहीं अध्यक्षता भरत भूषण राजपूत महामंत्री मंडल अं. चौकी एवं विशेष अथिति के रूप में जगन साहू भाजपा नेता, अमर खोब्रागढ़े, अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष अं. चौकी थे।

फाग महोत्सव में पहुंचे श्री भाटिया ने सभी को तिलक लगाकर होली की दी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली के पावन अवसर पर आप हम सभी के जीवन में निरस्ता को दूर कर सारे गमों को भूलकर, गिले-शिकवे मिटाकर सभी के जीवन में उत्साह, उमंग, खुशियों के रंगों से भरने का पर्व है होली। होली के प्रथम दिवस के अवसर पर होलिका दहन के माध्यम से भक्त प्रह्लाद की भक्ति परमात्मा प्रेम की शक्ति का परिचायक होलिका दहन किया जाता है। एक-दूसरे में रंग लगाकर नगाड़े के ताल पर लोक गीत के माध्यम से गीत-संगीत, रंग-गुलाल से सराबोर होकर आप हम सभी होली का त्योहार मनाते है।

# शादी का प्रभोलन देकर नाबालिक के साथ दुष्कर्म, 37 वर्ष का सश्रम कारावास

**भाटापारा/नवप्रदेश।** एक नाबालिग लड़की का व्यपहरण कर अन्यत्र ले जाकर बलात्संग करने वाले आरोपी को विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) भाटापारा किरण त्रिपाठी ने अलग अलग धाराओं में 37 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया है तथा सभी सजाएँ साथ-साथ भुगताए जाने का आदेश दिया है। विशेष अपर लोक अभियोजक न्याजी खान ने बताया कि थाना सुहेला क्षेत्र के प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की 15 फरवरी 2020 के दोपहर में अपने मामा के घर ग्राम संडी जा रही हूँ कहकर गयी थी जो वापस घर नहीं आने पर पीड़िता के गुम होने के रिपोर्ट दर्ज कराई। पता तलाश के दौरान पीड़िता को 26फरवरी 2020 के शाम में ग्राम कोटमीसोनार (अकलतरा) में आरोपी दिलीप रात्रे के कब्जे से बरामद किया गया। पीड़िता ने अपने कथन में आरोपी के द्वारा उसे नाबालिक जानते हुए प्रेम एवं शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाकर अपने घर ले जाकर पत्नी की तरह रखकर लगातार लैंगिक संभोग करना बताई। पीड़िता के कथन पर आरोपी को गिरफ्तार कर गवाहों के कथन लेखबद्ध कर मुलाहिजा जप्ती आदि संपूर्ण विवेचना उपरांत न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध धारा 363, 366, 376(2-ह), भारतीय दंड संहिता एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण में सुनवाई हुई जहाँ विशेष अपर लोक अभियोजक न्याजी खान ने न्यायालय के समक्ष सभी गवाहों का कथन लेखबद्ध करवाया और आरोपी को कठोर दण्ड देने की मांग किया।

# नरवा विकास योजना से दशपुर नाला लबालब

## सिंचाई क्षेत्र के रकबा बढ़ने से कृषक हुए खुश

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** नरवा विकास योजना से उपचारित दशपुर नाला की जल भराव क्षेत्र में वृद्धि होने के साथ सिंचाई क्षेत्र के रकबा बढ़ने से क्षेत्र के कृषक रबी फसल की पैदावारी के लिए आगे आये हैं। नरवा विकास योजना राज्य शासन के एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका मूल उद्देश्य नदी नालो एवं जल स्त्रोतो को उपचारित करना, भूमिगत जल स्तर सुधार एवं मृदा क्षरण रोकना है। योजना से सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि होने से अब किसान भी रबी फसल लेने के लिए प्रोत्साहित हो रहे है। नरवा विकास के अंतर्गत वन मंडल गरियाबंद वित्तीय वर्ष 2019-20 में गरियाबंद परिक्षेत्र के अंतर्गत दशपुर नाला उपचारित किया गया है। नाले की कुल लंबाई 7.50 कि.मी. है एवं केचमेंट एरिया 1780.000 हेक्ट. है। इस नाला के उपचार हेतु कंटूर ट्रेंच- 6605 नग, ब्रशवुड- 475 नग, लुज बोल्डर चेकडैम- 509, अर्दन गली प्लग- 136 नग, गेबियन संरचना- 09 नग, स्टॉप डेम- 01 नग, अर्दन डेम- 01 नग तथा वन्यजीव जलाशय- 01 नग कुल - 7737 नग संरचनाओं का निर्माण 80.83 लाख लागत राशि से किया गया है। उपरोक्त संरचनाओं के निर्माण से मुख्य रूप से 2.009 लाख घन.मी. जल भंडार मे वृद्धि होगी, जिससे संभावित जल सिंचाई क्षेत्र 57 हेक्टेयर होगी तथा वनक्षेत्र में 1780 हेक्टेयर मृदा क्षरण को कम करने में सफलता प्राप्त हो रही है।

उपरोक्त कार्यो के माध्यम से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिला है। वन क्षेत्रों में बनाये गये विभिन्न संरचनाओं से भू-जल स्तर में औसत 120 सेमी. वृद्धि हुई है। इसके अलावा 2.099 लाख घन मीटर संचित जल का प्रत्यक्ष लाभ वन एवं वन्य प्राणियों को भी मिल रहा है, जिससे वन्य प्राणियों को वन क्षेत्रों में भोजन एवं रहवास में सुविधा हो रही है। परिणामस्वरूप वन्य प्राणियों का रहवास क्षेत्रों में आवागमन कम हुआ है जिससे वन्य प्राणी - मानव द्वन्द की स्थिति न्यून हुई है। नरवा विकास योजना के तहत् नालों में वर्षाकाल का पानी संचय कर कृषक उन्नत कृषि कर आर्थिक रूप से सक्षम बन रहे है, साथ ही साथ स्थानीय ग्रामीणों को लगभग 11000 मानव दिवस रोजगार की प्राप्ति हुई है।


## नाम परिवर्तन

मैं श्री परककट श्रीधरम पणिक्कर के पिता शपथ अनिल कुमार पुड़ियड़त कच्चत उम्र 60 वर्ष, एमआईजी-1/334 आमदी नगर हुडको, भिलाई तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ, जो शपथ के तहत निम्नलिखित बयान देते हैं :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। 2. यह कि मैं भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लांट गैरेज पी.वी. पुल विभाग में मास्टर ऑपरेटर कम तकनीशियन के पद पर कार्यरत् हूं, मेरा पर्सनल नं. 898133 है, मेरे बी.एस.पी. के समस्त सर्विस रिकार्ड एवं मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा व मेरे पिता का नाम अनिल कुमार पी सी (ANIL KUMAR PC) पिता श्री धरन पनिकर पी (SHRIDHARAM PANICKER P) दर्ज है। 3. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा व मेरे पिता का नाम अनिल कुमार पुड़ियड़त चक्कत (ANIL KUMAR PUDIYEDATH CHAKKAT) पिता श्री परक्कत श्रीधरम पानिकेर (PARAKKAT SHRIDHARAM PANICKER ) दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। 4. यह कि अनिल कुमार पी सी (ANIL KUMAR PC) पिता श्री धरन पनिकर पी (SHRIDHARAM PANICKER P ) एवं अनिल कुमार पुड़ियड़त चक्कत (ANIL KUMAR PUDIYEDATH CHAKKAT) पिता श्री परक्कत श्रीधरम पानिकेर (PARAKKAT SHRIDHARAM PANICKER) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात् मेरे एवं मेरे पिता का ही नाम है। 5. यह कि मैं अपने बी. एस. पी. के समस्त सर्विस रिकार्ड एवं अन्य समस्त शासकीस, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा व मेरे पिता का नाम अनिल कुमार पुड़ियड़त चक्कत (ANIL KUMAR PUDIYEDATH CHAKKAT) पिता श्री परक्कत श्रीधरम पानिकेर (PARAKKAT SHRIDHARAM PANICKER) दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है । अतः यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

**सत्यापन-** मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथपत्र की कुल कंडिका 01 से 05 में दी गई समस्त जानकारी मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य व सही है अतः आज दिनांक 01.03.2023 को अपना हस्ताक्षर कर दिया।

शपथकर्ता



## न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1

मामले की श्रेणी. राजस्व

**संदर्भ - जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00041 डुमरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. सीजी510621302023014**

### ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम डुमरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी अघनसिंह पिता/पति पान प्रसाद पता- मकान क्रमांक 94 गरमा डुमरडीह पो. पतोरा तह व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 84 (0.0300), 45 (0.3300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता घनश्याम साहू पिता/पति रमेश कुमार साहू पता - मकान क्र. 591 पुराना बाजार चौक इन्डेरा तह व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/02/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 1485/NIT-21/2022-2023/ व ले लि — दिनांक- 07/03/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 24/03/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 05/04/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 06/04/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 21 T0150 | 2022-23 लोनिवि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भवन रजोली परसदा एवं मोंगरी का मरम्मत कार्य 070323 प्रथम आमंत्रण | 17.60 13230.00 264600.00 |
| 21 T0151 | 2022-23लो नि वि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय स्कूल भवन बोहारा एवं डंडेसरा का मरम्मत कार्य 070323 प्रथम आमंत्रण | 16.79 12593.00 251850.00 |
| 21 T0152 | 2022-23 लोनिवि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भवन रंगकठेरा खुटेरी एवं लिमोरा का मरम्मत कार्य 070323 प्रथम आमंत्रण | 13.88 10410.00 208200.00 |
| 21 T0153 | 2022-23 लोनिवि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भवन फुलझर एवं पसौद का मरम्मत कार्य 070323 प्रथम आमंत्रण | 16.33 12248.00 244950.00 |
| 21 T0154 | 2022-23 लोनिवि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत मिडिल स्कूल भवन डोंगीतराई एवं पी एस खुटेरी का मरम्मत कार्य 070323 प्रथम आमंत्रण | 8.86 6645.00 132900.00 |
| 21 T0155 | 2022-23 लोनिवि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत हाई स्कूल भवन गुरेदा प्राथमिक शाला भवन देवरी (ख) एवं शहीद दुरवासा लाल एम एस (एस एस ए) का मरम्मत कार्य 070323 | 14.42 10815.00 216300.00 |
| 21 T0156 | 2022-23 लोनिवि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय मिडिल स्कूल भवन माहुद (बी) एवं प्राथमिक विद्यालय भवन पायला का मरम्मत कार्य 070323 प्रथम आमंत्रण | 19.43 14573.00 291450.00 |
| 21 T0157 | 2022-23 लोनिवि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला भवन हसदा एवं प्राथमिक शाला भवन कुम्हली का मरम्मत कार्य 070323 प्रथम आमंत्रण | 17.63 13223.00 264450.00 |
| 21 T0158 | 2022-23 लोनिवि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत मिडिल स्कूल भवन कान्दुल मडियापार एवं बेलटेकरी का मरम्मत कार्य 070323 प्रथम आमंत्रण | 18.57 13928.00 278550.00 |
| 21 T0159 | 2022-23 लोनिवि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय मिडिल स्कूल भवन खुरसुनी पी एस खैरबना एवं पी एस तेलीटोला का मरम्मत कार्य 070323 प्रथम आमंत्रण | 15.69 11768.00 235350.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**नियम व शर्ते :-** 1) पंजीयन की छायाप्रति 2) पेन कार्ड की छायाप्रति 3) जी. एस. टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 4) निविदाकारों की श्रेणी ''द'' से 'अ'' निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 एवं कार्य की अवधि ''02 माह'' 5) निविदा प्रपत्र के साथ Anne&ure-1, Anne&ure-2 And nne&ure -3 फ़ार्म भरना अनिवार्य होगा नही भरे जाने पर आपका निविदा प्रपत्र निरस्त किया जावेगा। (प्रपत्र संलग्न)

जी-99182/3 — कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि.बालोद संभाग बालोद



## न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. /अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. धन्नूलाल साहू निवासी ग्राम 92/डी. रिसाली से. भिलाई. तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुन्डेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 232 रकबा 0.02 हे. भूमि जो कि आवेदक /शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार धन्नू लाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो पेशी दिनांक 14/3/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/2/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 27.02.2023
सुनवाई दिनांक 14.03.2023

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)



## न्यायालय तहसीलदार दुर्ग

मामलेकी श्रेणी- राजस्व

**संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00050 डुंडेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. सीजी5124923022023030**

### ईश्तहार

तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00050 ग्राम डूण्डेरा के वर्तमान भू स्वामी पार्वती साहू पिता/पति लोकनाथ साहू पता शिवमंदिर गली केलाबादी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 821/3 (0.0116) पूनमदेवी में प्रस्तावित भूमि मालिक/खरीदार पिता/पति- अखिलेश प्रसाद पता-मछमैती सिवान बिहार के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/02/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)



## न्यायालय उप तहसीलदार दुर्ग 1

मामले की श्रेणी- राजस्व

**संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00056 खोपली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. सीजी 5106224022023025**

### ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00056 के अंतर्गत ग्राम खोपली के वर्तमान भूमिस्वामी नरेन्द्र कुमार पिता/पति स्व. सालिकराम पता नयापारा वार्ड न. 13 उतई तह व् जिला दुर्ग नोहर राम पिता/पति स्व. सालिकराम पता- नयापारा वार्ड न. 13 उतई तह व् जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 473 (0.4100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दिनेश कुमार सिन्हा पिता/पति-पंचूराम सिन्हा पता- घुनियार चौक वार्ड न. 08 उतई तह व् जिला दुर्ग, राजेश सिन्हा पिता/पति-पंचूराम सिन्हा पता- घुनियार चौक वार्ड न.08 उतई तह व् जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)



## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई

मामलेकी श्रेणी- राजस्व

**संदर्भ - जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00050 डुंडेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. -. सीजी5106221022023020**

### ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के वर्तमान भूमिस्वामी भरतलाल पिता/पति - शिकारी पता-मकान क्रमांक 733 रामनगरडुन्डेरा तह जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1038/12 (0.0202) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता फुलेश्वरीसाहू पता/पति - राजकुमार साहू पता मकान क्र. 261शीतलापारा जोरातराई तह जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/02/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार भिलाई नगर



## न्यायालय उप तहसीलदार दुर्ग 1

मामले की श्रेणी- राजस्व

**संदर्भ - जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00041 डुमरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. सीजी 5106210022023036**

### ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम डुमरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी मेहतरू पिता/पति स्व. राजूलाल पता- मकान क्र. 157 वार्ड क्र. 07 ग्राम डुमरडीह पो. पतोरा तहसील व जिला-दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 483 (0.1200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चम्मन सतनामी पिता/पति स्व. डेरहा पता - मकान क्र 75 वार्ड क्र.04 ग्राम डुमरडीह पो. पतोरा तहसील व जिला-दुर्ग, मनोज कुमार पिता/पति स्व. डेरहा पता - मकान क्र 75 वार्ड क्र. 04 ग्राम डुमरडीह पो. पतोरा तहसील व जिला-दुर्ग, मोहन पिता/पति स्व. डेरहा पता- मकान क्र. 75 वार्ड क्र. 04 ग्राम डुमरडीह पो. पतोरा तहसील व जिला दुर्ग, संतन पिता/पति स्व. डेरहा पता मकान क्र. 75 वार्ड क्र.04 ग्राम डुमरडीह पो.पतोरा तहसील व जिला-दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/02/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्र-5

### :: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्र..सं. 1201/जोन क्र. 5/लो.क.वी./2023, — रायपुर, दिनांक 06.03.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ''द'' से प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु सीलबंद निविदायें तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 27.03.23 तक को 4.00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्रमांक 5 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 16.03.23 तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकेंगे। दिनांक 21.03.23 तक निविदा प्रपत्र जारी होंगे। प्राप्त निविदाये दिनांक 27.03.23 को सांय 05.00 बजे खोली जावेगी ।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए) | कार्य की अवधि | एस.ओ.आर. नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन क्रमांक 05 अंतर्गत वार्डों में स्थित कुएं का जीर्णोद्धार कार्य। | 6.93 | 7000/- | 750/- | 3 माह | P.W.D.S.O.R. Building 01.01.15 |
| 2. | जोन क्रमांक 05 अंतर्गत वार्डों के विभिन्न स्थानों में स्थित पुराने/प्राचीन वृक्षों के रखरखाव, सौंदर्यीकरण एवं संवर्धन कार्य। | 8.68 | 8700/- | 750/- | 3 माह | P.W.D.S.O.R. Building 01.01.15 |
| 3 | जोन क्रमांक 05 अंतर्गत भक्तमाता कर्मा वार्ड क्र. 67 स्थित हनुमान मंदिर के पास रेलिंग व गेट लगाने का कार्य । | 0.41 | 3000/- | 300/- | 1 माह | P.W.D.S.O.R. Building 01.01.15 |
| 4 | जोन क्रमांक 05 अंतर्गत जल विभाग हेतु 05 कुशल श्रमिक प्रदाय कर्य। | 10.415 | 10500/- | 750/- | 12 माह | Collector Rate |

**शर्ते :-**
1 निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा ।
2 कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जोन कमिश्नर, जोन क्र. 05, नगर पालिक निगम, रायपुर



## कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

-07720.285709, E-mail- npkharora@gmail.com

क्रमांक/2911/न.पं./लो.नि.वि./2022-23 — खरोरा, दिनांक 07/03/2023

### -:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रपत्र ''अ'' में लिफाफा पद्धति से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 17.03.2023 समय 5.00 बजे
निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि - 20.03.2023 समय 5.00 बजे
निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 28.03.2023 समय 3.00 बजे
निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय - 29.03.2023 समय 3.00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | वार्ड क्रमांक 01 से 07 तक सड़क मरम्मत कार्य । | 14.55 | 11,000/- | 750/- | 01 माह |
| 02 | वार्ड क्रमांक 08 से 15 तक सड़क मरम्मत कार्य । | 15.38 | 12,000/- | 750/- | 01 माह |
| 03 | शा.उ.मा.वि. खरोरा ( हायर सेकेण्डरी) में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य । (R.E.S. S.O.R. 01-11-2021) | 15.15 | 11,500/- | 750/- | 03 माह |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी निविदा दिनांक से कार्यालयीन अवधि में देखी व प्राप्त की जा सकेगी, साथ ही यह कि, मैनुअल निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालय न.पं. सूचना पटल एवं विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर भी उपलब्ध है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत खरोरा, जिला- रायपुर (छ.ग.)



## कार्यालय उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला जगदलपुर (छ.ग.)

दूरभाष नं. 07782-222336, (कार्य) फैक्स नं. 225777 ई-मेल spofficejdr@gmail.com

क्रमांक- उमनि एवं वपुअ/जग/रनि/रीडर/501/23 — दिनांक - 06.03.2023

### निविदा आमंत्रण सूचना

पुलिस अधीक्षक कार्यालय जगदलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए मुहरबंद निविदाएँ दो लिफाफा पद्धति से छत्तीसगढ़ राज्य के लकड़ी फर्नीचर निर्माता/उत्पादक अथवा अधिकृत विक्रेता को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जगदलपुर के द्वारा फर्नीचर प्रदाय कार्य हेतु नीचे दर्शाये गए दर अनुसूची के अनुसार पंजीकृत पावती युक्त या स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथी :- 27.03.2023 समय सायं 05.00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथी :- 28.03.2023 समय दोपहर 03.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथी :- 28.03.2023 समय सायं 04.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का शुल्क | समयावधि | श्रेणी | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रि-हेबीलिटेशन सेंटर जगदलपुर में फर्नीचर सामग्री प्रदाय कार्य | 25.00 | 25000.00 | 1000.00 | 01 माह | Manufacturer Supplier | प्रथम आमंत्रण |

निविदा प्रपत्र दिनांक 27.03.2023 अपरान्ह 05.00 बजे तक कार्यालय रक्षित निरीक्षक, रक्षित केन्द जगदलपुर से प्राप्त किये जा सकते है ।

जी-99158/3 — उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला- जगदलपुर (छ.ग.)

## संक्षिप्त खबरें

### 21 स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में विभिन्न पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**दुर्ग।** जिले में संचालित कुल 21 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय विभिन्न पदों पर प्रतिनियुक्ति भर्ती हेतु उक्त विद्यालयों में अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इच्छुक आवेदकों से दिनांक 28 मार्च 2023 समय शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपना आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग, जिला पंचायत दुर्ग के सामने जी.ई.रोड जिला दुर्ग पिन कोड 491001 के पते पर भेज सकते हैं। सीधे निर्धारित तिथि एवं समयसीमा पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी दुर्ग जिले के वेबसाईट durg.gov.in अवलोकन करें।

### 8 से 17 अप्रैल तक आईटीआई ट्रेड 2023 की मुख्य परीक्षा

दुर्ग। शासन की योजना अनुरूप शासकीय उ. मा. विद्यालय धमधा एवं शासकीय आईटीआई धमधा के संयुक्त पाठ्यक्रम अंतर्गत संचालित दो वर्षीय ट्रेड वेल्डर के वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी घोषित कर दी गई है। जो कि 08 अप्रैल 2023 से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल 2023 को समाप्त होगी। अध्ययनरत् समस्त प्रशिक्षणार्थीगण परीक्षा प्रभारी श्री विक्रम सिंह राजपूत, आईटीआई धमधा से संपर्क कर परीक्षा फॉर्म एवं परीक्षा शुल्क यथाशीघ्र कार्यालय में जमा करें।

### नारी शक्ति का सम्मान किया आरईडी कर्मियों ने, सराहा समर्पण व सेवा कार्य

**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में पदस्थ कर्मचारियों ने महिला ठेका श्रमिकों का सम्मान किया। इस दौरान कर्मियों ने शाल और मिठाई के साथ उपहार प्रदान कर महिला ठेका कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। विभाग के महाप्रबंधक प्रशांत साहा ने विभाग के कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार महिला ठेका श्रमिकों का सम्मान करना एक अच्छी पहल है, प्लांट में महिला ठेका श्रमिकों द्वारा हमेशा कार्यक्षेत्र पर सुरक्षा पूर्वक कार्य किया जाता हैं। इस अवसर पर कर्मियों की ओर से प्रदीप पिल्लै ने महिला श्रमिकों की तारीफ करते हुए कहा कि उत्पादन प्रक्रिया में नारी शक्ति का योगदान हमेशा उल्लेखनीय रहा है और कर्मियों की ओर से हर वर्ष यह सम्मान किया जाता रहेगा। इस अवसर पर नरेश गुप्ता, छन्नूलाल ठाकरे, डी. के चौहान, छत्तर सिंह और गोविंद कन्नौजे सहित अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सेंट थॉमस महाविद्यालय के छात्रों ने देखी भिलाई इस्पात संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय, रूआबांधा, भिलाई के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से भिलाई इस्पात संयंत्र के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारिता एवं जनसंचार के साथ प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों व प्राध्यापकगण सहित 30 से ज्यादा लोग शामिल थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क, संपर्क एवं प्रशासन व मानव संसाधन विभाग के सहयोग से आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने बीएसपी की सबसे आधुनिक धमन भट्टी क्रमांक 8, इस्पात गलन शाला 3, प्लेट मिल, यूनिवर्सल रेल मिल एवं बार तथा रॉड मिल में उत्पादन प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा।

# बोरसी, हनोदा रोड, मीनाक्षी नगर में चल रही थी अवैध प्लाटिंग, मौके पर पहुंचकर की गई कार्रवाई

■ **एसडीएम श्री लक्ष्मण तिवारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अमले ने की कार्रवाई**

**दुर्ग/ नवप्रदेश।** शहर में अतिक्रमण पर राजस्व विभाग की प्रभावी कार्रवाई जारी है। बोरसी, हनोदा रोड और मीनाक्षी नगर में अवैध प्लाटिंग की सूचना मिलते ही आज एसडीएम श्री लक्ष्मण तिवारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग व नगर निगम दुर्ग का अमला मौके पर पहुंचा। इन जगहों में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी और फेंसिंग तथा डीपीसी कराई गई थी।

इसे तोड़ने की कार्रवाई मौके पर ही की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम श्री तिवारी ने बताया कि राजस्व अमले को अतिक्रमण को लेकर हाई अलर्ट पर रखा गया है। फील्ड में बारीक नजर रखने के इन्हें निर्देश दिये गये हैं और अवैध प्लाटिंग की सूचना मिलते ही कार्रवाई के लिए कहा गया है। इस बात की सूचना मिली थी कि कुछ लोगों के द्वारा बोरसी, हनोदा रोड, मीनाक्षी नगर में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। सूचना मिलते ही राजस्व विभाग का अमला पहुंचा। यहां पर फेंसिंग कराई जा रही थी और डीपीसी कराया जा रहा था।

इसे हटाने की कार्रवाई निगम अमले द्वारा की गई। एसडीएम ने बताया कि अवैध प्लाटिंग के मामलों पर प्रशासन की कड़ी नजर है और ऐसे तत्वों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री तिवारी ने बताया कि राजस्व अमले से नियमित रूप से अपडेट ली जा रही है और वे लगातार फील्ड में सक्रिय हैं। कार्रवाई के दौरान निगम अधिकारी श्री दुर्गेश गुप्ता, श्री प्रकाश थवाने, श्री गिरीश दीवान एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# होली त्योहार के दूसरे दिन आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण

■ **अवैध पोस्टर इत्यादि को हटाने का कार्य करें आयुक्त**

**दुर्ग/ नवप्रदेश।** आयुक्त लोकेश चंद्राकर अल सुबह पद्मनाभपुर क्षेत्र के निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने सफाई व्यवस्था का साथ ही प्रमुख सड़कों से कचरा प्रतिदिन उठाना सुनिश्चित करें। इस दौरान निगमायुक्त ने कहा स्वास्थ्य विभाग टीम सफाई करते वक्त पब्लिक से भी फीडबैक ले। उन्होंने कहा स्थानीय पार्षद व रहवासियों से वार्डो की समस्याओं से रूबरू हो। सफाई व्यवस्था बनाए रखना सबकी

जायजा लिया। गार्डन का भी निरीक्षण निगमायुक्त ने किया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,सुरेश भारती,मनोहर शिंदे,राजू सिंह आदि मौजूद रहे। पद्मनाभपुर में निगमायुक्त ने गार्डन सफाई की भी जानकारी ली, नियमित सफाई पर उन्होंने अधिकारियों से पूछताछ की।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का जायजा अधिकारियों के साथ लिया। जीई मुख्य सड़क मार्ग के दोनो तरफ सड़क किनारे अनावश्यक झाड़ियों को हटवाने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश किए। उन्होंने कहा कि गली, मोहल्लों के नैतिक जिम्मेदारी है, सभी को साथ मिलकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की आवश्यकता है। कचरे को इधर-उधर न फेंककर निर्धारित डस्टबिन में ही डालकर सफाई कर्मचारियों को देने की अपील उन्होंने की है। वही कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि शहर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत यात्री प्रतीक्षालय है जहां लोगों का आना जाना लगा होता है ऐसे सभी यात्री प्रतीक्षालय में सफाई का लगातार विशेष ध्यान रखा जाए और नियमित रूप से सफाई व्यवस्था बानी रहे।

# सब्जी बाजारों में बेजा कब्जा के खिलाफ होगी कार्रवाही

■ **इंदिरा मार्केट, महिला समृद्धि, सिकोला भाठा सहित दूसरे बाजारों में एक साथ पहुंची टीम**

**दुर्ग/ नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम! गुरुवार को एक साथ शहर के कई सब्जी मार्केट में निगम की टीम पहुंची। इस दौरान टीम ने वहां लगे लोहे के स्टैंड, टेबल व अन्य सामानों को चबूतरे से बाहर निकालकर सब्जी ना बेचने की समझाईस दी गई। चबूतरा के बाहर अवैध रूप से लोहे का जाली,टेबल व अन्य सामान लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है।जिसे हटाने की हिदायत दी गयी । निदेश का पालन नही करने की स्थिति में उक्त सामानों की जब्ती की कार्यवाही एवम जुर्माने की कायवाही की जावेगी। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर बाजार अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में बाजार विभाग टीम थानसिंह यादव, ईश्वर वर्मा, भुवनदास साहू, शशिकांत यादव ने इंदिरा मार्केट, महिला समृद्धि बाजार, सिकोला भाठा सहित अन्य सब्जी बाजार पहुंचे।

निगम की टीम ने मार्केट में सब्जी पसरा लगाने वालों द्वारा अतिक्रमण किया गया है उसे 24 घंटे में हटा लेवे।निगम अधिकारियों का कहना है कि आम लोगों की परेशानियों और लगातार मिल रही शिकायतों के चलते ये कार्रवाई आवश्यक है और आगे भी कार्रवाही निरंतर जारी रहेंगी। कार्रवाई के दौरान सभी सब्जी पसरा वालो को चेतावनी भी दी गई है कि दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कार्रवाई के दौरान इंदिरा मार्केट सब्जी बाजार में सबसे अधिक अतिक्रमण किया गया है। यहां सब्जी विक्रेताओ ने अतिक्रमण करके अपनी दुकान की सीमा के आगे चबूतरा बनाकर उसमें लोहे की जाली व स्टैंड फिक्स करवा दिया है।

### श्रमिकों के लिए संघर्षरत वरिष्ठ नेता राव का सम्मान किया आंध्र समिति ने

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व श्रमिक नेता, स्टील वर्कर्स यूनियन (इंटुक) भिलाई के पूर्व उप महासचिव,भिलाई तेलुगू समाज की धरोहर,80 वर्ष के युवा समाजसेवी-तेलुगु बिड्डा एन नागेश्वर राव (एन.एन.राव) का आंध्रा साहित्य समिति भिलाई की ओर से सम्मान किया गया। समिति की ओर से जानकारी दी गई कि राव आज भी भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक हितो के प्रति समर्पित एवं सक्रिय है। इंडियन नेशनल मेटल वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डां जी . रेड्डी ने इंडियन नेशनल मेटल वर्कर्स फेडरेशन मे तीसरी बार राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत किया है।

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**दुर्ग/ नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशन व आबकारी आयुक्त श्री निरंजन दास व प्रबंध संचालक श्री ए.पी. त्रिपाठी उपायुक्त आबकारी अधिकारी नोहर सिंह ठाकुर, अनिमेष नेताम एवं जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा अवैध शराब धारण, विक्रय एवं परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर 02 प्रकरण कायम किये गए। पहले प्रकरण में ग्राम मोहरेंगा थाना नंदिनी नगर, जिला दुर्ग में आरोपिया सेवती सिन्हा के ग्राम मोहरेंगा स्थित बाड़ी से कुल 72.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त कर आरोपिया के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 36 एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जाकर जेल दाखिल किया गया। दूसरे प्रकरण में शिव मंदिर ढोर तालाब के पास, जिला दुर्ग में मध्य प्रदेश की शराब जप्त किया गया। आरोपी डागेश साहू पिता राम प्रसाद साहू, साकिन-ग्राम गडरिया पारा कुरूद जिला दुर्ग से एक ब्राउन रंग के सूटकेस में भारी 8 नग बोतल ब्लेंडर प्राईड और 8 नग बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की फॉर सेल इन मध्य प्रदेश ऑनली प्रत्येक बोतल की क्षमता 750 उस कुल मात्रा 12.0 बल्क लीटर जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जाकर जेल दाखिल किया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस एन साहू, म स्वर्णकार, भुनेश्वर सिंह सेंगर, रामानंद दीवान आबकारी मुख्य आरक्षक भोजराम रत्नाकर आबकारी आरक्षक विजय वर्मा, लक्ष्मीनारायण भरथरी व महिला आरक्षक संगीता ध्रुव व चितेश्वरी वाहन चालक जे.दीपक राजू, कृष्ण कुमार कोसले व नोहर साहू कार्यवाही दौरान उपस्थित रहे।


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने, लक्ष्मीनारायण साहू पिता रेखा राम साहू निवासी नं-219, वार्ड नं-1, ग्राम एवं पोस्ट पुरई तहसील तथा जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना पुराना नाम लक्ष्मी नारायण पिता रेखा राम साहू को त्याग कर नया नाम लक्ष्मीनारायण साहू रख लिया है तथा मुझे भविष्य में मेरे नए नाम से जाना एवं पहचाना जाए तथा सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मेरा नया नाम लक्ष्मीनारायण साहू पिता रेखाराम से ही से ही जाना एवं पहचाना जाए।

**लक्ष्मीनारायण साहू**
पिता - रेखा राम साहू
निवासी- संख्या 219, वार्ड संख्या 1, ग्राम एवं पोस्ट पुरई तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

मामला क्रमांक/ / अ-27/2022-23

**ईश्तहार**

(धारा 178 प्रारूप ख)

क्योंकि मौजा डुन्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी पंचराम आ. बलीराम निवासी शास्त्री चौक डुन्डेरा तहसील व जिला दुर्ग ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिये आवेदन किया है, एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है, एवं सुनवाई का दिनांक 16/3/23 स्थान तहसील दुर्ग पर दिन 11.00 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो, एवं अपनी आक्षेपों, यदि कोई हो, तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जायेगा।

(खाते का विवरण)

सर्वेक्षण संख्यांक/भू-खंडाक संख्या 255, 1069, 1231, 1441, 1472, 1482
क्षेत्रफल 0.130, 0.750, 0.050, 0.090, 1.190, 0.950 हे.
भू-राजस्व 3.21 हे.

आज दिनांक 27/02/23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### नाम एवं जाति परिवर्तन हेतु सूचना

मै मिथलेश कुमार सोनखुटिया आ. गुमानीराम सोनखुटिया, उम्र 34 वर्ष, **वर्तमान निवासी- 161/111, के.डी. पब्लिक स्कूल के पास, वार्ड कं. 54, विवेकानंद नगर न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)** का हूं तथा जो कि मै प्रमाणित करता हूं कि, मेरी पुत्री तुष्टि सिन्हा ( TUSHTI SINHA ) की जन्मतिथि 13 /04/2017 की है। मैने अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र बनवाते समय भूलवश तुष्टि सोनखुटिया दर्ज कराया था तथा जाति के कालम में सिन्हा के स्थान पर अपनी गोत्र सोनखुटिया (SONKHUTIYA) दर्ज करा दिया था। मै अपने पुत्री का नया एवं सही नाम तुषारिका सिन्हा (TUSHARIKA SINHA) जाति कलार अंकित नही होकर तुष्टि सोनखुटिया (TUSHTI SONKHUTIYA) दर्ज है। मै अपनी पुत्री तुष्टि सोनखुटिया का नाम विलुप्त कर नया नाम तुषारिका सिन्हा (TUSHARIKA SINHA) दर्ज करवाना चाहता हूं तथा पूर्व के नाम तुष्टि सोनखुटिया को हर हमेशा के लिए विलुप्त कर नया नाम तुषारिका सिन्हा (TUSHARIKA SINHA ) से जाना व पहचाना जाने बाबत् शासकीय गजट में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया हूं।

अतः आज दिनांक से मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र या अन्य दस्तावेजों जहां आवश्यकता होगी तुषारिका सिन्हा (TUSHARIKA SINHA) के नाम से जाना जावे।

**स्थान - राजनांदगांव**
**दिनांकः- ...../..../2023**

**हस्ताक्षर**
**नया नाम तुषारिका सिन्हा (TUSHARIKA SINHA)**
**नाबालिग द्वारा वली पिता मिथलेश कुमार सोनखुटिया**

### नाम एवं जाति परिवर्तन हेतु सूचना

मै मिथलेश कुमार सोनखुटिया आ. गुमानीराम सोनखुटिया, उम्र 34 वर्ष, **वर्तमान निवासी- 161/111, के.डी. पब्लिक स्कूल के पास, वार्ड क्रं. 54, विवेकानंद नगर न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)** का हूं तथा जो कि मै प्रमाणित करता हूं कि, मेरा पुत्र दिव्य सिन्हा (DIVY SINHA) की जन्मतिथि 12/10/2019 की है। मैने अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र बनवाते समय भूलवश दिव्य सोनखुटिया दर्ज कराया था तथा जाति के कालम में सिन्हा के स्थान पर अपनी गोत्र सोनखुटिया (SONKHUTIYA) दर्ज करा दिया था। मैं अपने पुत्र का सही नाम दिव्य सिन्हा (DIVY SINHA) जाति कलार अंकित नही होकर दिव्य सोनखुटिया (DIVY SONKHUTIYA ) दर्ज है। मै अपने पुत्र दिव्य सोनखुटिया में से सोनखुटिया को विलुप्त कर नया नाम दिव्य सिन्हा (DIVY SINHA) दर्ज करवाना चाहता हूं तथा पूर्व के नाम दिव्य से सोनखुटिया को हर हमेशा के लिए विलुप्त कर नया नाम दिव्य सिन्हा (DIVY SINHA) से जाना व पहचाना जाने बाबत् शासकीय गजट में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया हूं।

अतः आज दिनांक से मेरा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र या अन्य दस्तावेजों जहां आवश्यकता होगी दिव्य सिन्हा (DIVY SINHA) के नाम से जाना जावे।

**स्थान - राजनांदगांव**
**दिनांकः- ...../.../2023**

**हस्ताक्षर**
**नया नाम (दिव्य सिन्हा) (DIVY SINHA)**
**नाबालिग द्वारा वली पिता मिथलेश कुमार सोनखुटिया**

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग
**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्रं. 202303103000013 /अ-27/2022-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है। आवेदक/आवेदक श्रीमती सावित्री वगै पति दीप नारायण पटेल निवासी जेवरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जेवरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 766/3 रकबा 0.1150 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के बराबर बराबर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 17/03/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/02/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक : 27/02/23
सुनवाई दिनांक : 17/03/23

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भ :- जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. - 00019 कोहका ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG5106413022023012

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम कोहका के वर्तमान भूमिस्वामी जितेन्द्र कुमार सपहा पिता/पति - सीताराम सपहा पता एल.आई.जी. - 1527 हाउसिंग बोर्ड किसन चौक भिलाई तहसील जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के बस्ती दादर मार्ग वार्ड नं.- 19 भिलाई तहसील जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 6608/2(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता त्रिलोकचंद चौधरी पिता/पति भवरलाल चौधरी पता-मकान नं.- 315 केम्प 2 वार्ड नं.- 57 शारदा पारा न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/02/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. - 00008 करंजा भिलाई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202223430101700004

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00008 के अंतर्गत ग्राम करंजा भिलाई के वर्तमान भूमिस्वामी शिव भजन, लक्ष्मी बाई आ. हिरामन पिता/पति-सेजिया बाई बेवा हिरामन पता-झंझरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 128 (0.3800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती लक्ष्मी पिता/पति हिरामन पता मानिकचौरी छुईखदान राजनादगांव के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जायेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, तहसील दुर्ग

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. - 00008 झंझरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202223430101800001

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00008 के अंतर्गत ग्राम झंझरी के वर्तमान भूमिस्वामी शिवभजन, लक्ष्मी बाई आ. हिरामन पिता/पति- सेजिया बाई बेवा हिरामन पता-झंझरी धारित भूमि खसरा क्रमांक 504 0.3100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती लक्ष्मीबाई पिता/पति हिरामन पता मानिकचौरी छुईखदान राजनादगांव के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जायेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, तहसील दुर्ग

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. - 00006 भटगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202223430101100005

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00006 के अंतर्गत ग्राम भटगांव के वर्तमान भू-स्वामी जितेंद्र पिता / पति अगराहिज पता-म.नं. 40 वार्ड नं- 03 भाटगांव जेवरा सिरसा तह व जिला दुर्ग, दिलीप पिता/पति अगराहिज पता-म.नं. 40 वार्ड नं- 03 भाटगांव जेवरा सीरासा तह व जिला दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 648/1 (0.0900) में प्रस्तावित भूमि स्वामी /क्रेता दिलीप कुमार पाटिल पिता /पति स्व. अगराहिज पाटिल पता-ग्राम भटगाँव पोस्ट जेवरा सिरसा तह व जिला दुर्ग के नाम पर नामांतरण/अभिलेखों के शुद्धिकरण/खातों का विभाजन/पंजीकरण के बाद फौती का मामला अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले की सुनवाई दिनांक 31/03/2023 को प्रातः 11 बजे न्यायालय न्यायालय नायबत तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में कोई भी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा या आपत्ति हो तो वह अपना दावा या आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/मुख्य कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से विज्ञापन के प्रकाशन के पहले या मामले की सुनवाई के समय प्रस्तुत कर सकता है। प्रकरण की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, तहसील दुर्ग

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्रमांक / /

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र महाजन साकिन. मोहन नगर तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने मुक्ताबाई उर्फ बापना की मृत्यु दिनांक 31/08/1985 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना होतो दिनांक 15/03/23 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 01/03/23 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
**उदघोषणा**

/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका शैल गोस्वामी एवं अन्य 01 आ./ पति सुरेश भारती गोस्वामी निवासी गयानगर दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मोहलई प.ह.नं. 06 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 29/8 रकबा 0.016 हे. 1800 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला - दुर्ग

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मदन लाल डांगी आ. स्व. उदयराम डांगी साकिन शंकर नगर दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.न. रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1306/28 रकबा 0.006 हे. जो उसके स्व. उदयराम डांगी के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16/03/2023 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/2/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202303101000014

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी :- राजस्व**
**सनः- 2022-2023**

कोहका प.ह.न. 00045 [2577/118(0.02000)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्रीमती जैबुन निशा, अनावेदक पक्षकार - अब्दुल हक आ.,

**ईश्तहार**

आवेदक - श्रीमती जैबुन निशा पिता/पति /विभाग - स्व. अब्दुल हक पता- कोहका भिलाई द्वारा ग्राम - कोहका प.ह.न.19, रा.नि.म.कोहका, तहसील व जिला - दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 2577/118 रकबा 0.027 हे. /2700 वर्गफीट है जो भूमिस्वामी अब्दुल हक आ. मुलाजिम अली के नाम पर दर्ज है! भूमिस्वामी अब्दुल हक आ. मुलाजिम अली की मृत्यु दिनांक 17.09.2019 को हो जाने के करण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसनो का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण बाबात आवेदन पात्र मय खसरा बी.1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है!

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.03.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202303101000009

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी :- राजस्व**
**सनः- 2022-2023**

ढौर प.ह.न. 00012 [1447/7(0.0110 हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्रीमती मीना चौहान, अनावेदक पक्षकार - अमर चौहान,

**ईश्तहार**

आवेदक - श्रीमती मीना चौहान पिता/पति/विभाग स्व. अमर चौहान पता- इंदिरा नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम - ढौर प.ह.न. 17 रा.नि.म. जामुल तहसील व जिला - दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख. न. 1447/7 रकबा 0.011 हे. है जो भूमिस्वामी अमर चौहान आ. स्व. महेंद्र चौहान के नाम पर दर्ज है! भूमिस्वामी अमर चौहान आ. स्व. महेंद्र चौहान की मृत्यु दिनांक 22.03.2021 को हो जाने के करण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसनो का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण बाबात आवेदन पत्र मय खसरा बी 1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है!

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.03.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

-:: ईश्तहार ::-

(रा. प्र. कं. RD202223430103200032/अ/6 वर्ष 2022-23)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक - श्रीमती मीना चौहान पति स्व अमर सिंह चौहान निवासी - इंदिरा नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 193 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 783/3 रकबा 0.020 हे./2222 वर्गफीट भूमि है। जो भूमिस्वामी अमर सिंह चौहान पिता स्व. महेन्द्र चौहान के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी अमर सिंह चौहान पिता स्व. महेन्द्र चौहान की मृत्यु दिनांक 22/03/2021 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने वावृत आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27/03/ 2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/03/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर

### न्यायालय तहसीलदार, कुण्डा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम महली को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमेश्वर आ. रामजी जाति कुर्मी निवासी ग्राम महली तहसील कुंडा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने स्व. रामबाई श्री पति रामजी का मृत्यु /जन्म दिनांक 15/07/2011 को ग्राम महली में हुआ है। जिसका मृत्यु जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन कराने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 15/03/23 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.03./23 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।
स्थानीय - दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हों।

मुहर — तहसीलदार, कुण्डा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, कुण्डा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम महली प.ह.नं. 11 को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेलूराम आ. श्री ररूआ जाति रावत निवासी ग्राम महली तहसील गण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने बुवा भगौती बाई की जन्म/मृत्यु दिनांक 09/10/2010 को ग्राम महली में हुआ है! जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 13/03/2023 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।
टीपः- स्थानीय दैनिक समाचार पत्र प्रकाशन हो।

मुहर — तहसीलदार, कुण्डा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6 क्रमांक वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्वे साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक देबाशीष बेनर्जी आ. श्री निखिलेश बेनर्जी साकिन शंकर नगर वार्ड पूर्वी दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.न. 24 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1201/17 रकबा 0.008 हे. को दान पत्र रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता मायाबेनर्जी एवं निखिलेश बेनर्जी से क्रय किया गया है की नामान्तरण किये के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 21/3/2023 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज 7/3/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6 क्रमांक वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्वे साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक देबाशीष बेनर्जी आ. श्री निखिलेश बेनर्जी साकिन शंकर नगर वार्ड पूर्वी दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.न. 24 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1201/15 रकबा 0.014 हे. को दान पत्र रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता मायाबेनर्जी एवं निखिलेश बेनर्जी ने दान किया है की नामान्तरण किये के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को दान पत्र रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 21/3/2023 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज 7/3/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email ID-eocghbzone1@gmail.com

## आम सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 76/907 प्रथम तल श्रीमती अर्चना टेमुरकर पति स्व. श्री श्यामलाल टेमुरकर को स्ववित्तीय /एकमुश्त आधार पर नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 24.09.2013 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी के द्वारा उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 13.02.2023 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन श्री रामसागर यादव पिता स्व. श्री हकीमचंद यादव के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

## न्यूज गैलरी

### दो आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख रु. की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्ति के निकटतम वारिसान को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं। कलेक्टर बेमेतरा पदुम सिंह एल्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत दो आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए हैं। राजस्व शाखा बेमेतरा से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील बेमेतरा के ग्राम कोबिया निवासी चन्द्रकांती पटेल की आग में जलने से मृत्यु होने पर परिजन रोहित कुमार पटेल को 4 लाख रुपये एवं तहसील बेरला के ग्राम मंगलोर निवासी आरती यादव की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर परिजन मुन्ना यादव को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर ने बेमेतरा एवं बेरला तहसीलदार को आरटीजीएस (रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) के माध्यम से हितग्राही/आवेदक के बैंक खाते में सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### पुलिस ने ग्रामीण पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार होली त्यौहार में किसी भी प्रकार की घटना को रोकने के लिए ऑनलाइन के माध्यम से घटना करने में प्रयुक्त साधनों की खरीदी करने के संबंध में निगाह रखी जा रही हैं, इसी दौरान सूचना मिली की थाना दाढ़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवागांव कला का एक युवक ऑनलाइन के माध्यम से खरीद कर कोई घातक समान रखा हैं, जिसे लोगों को दिखा कर डरा रहा हैं, कोई अप्रिय घटना घटित कर सकता हैं की सूचना पर मौके में पहुंचकर तस्दीक करने पर मौके में चिड़िया मरने वाला एयरगन रखा हुआ था और गांव में हो हुडदंग कर गांव का माहौल खराब कर रहा था कोई अप्रिय घटना घटित ना हो, इस कारण आरोपी सुमित ध्रुव पिता मदन ध्रुव उम्र 22 साल साकिन नवा गांव कला थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिलें के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को ऑनलाइन के माध्यम से खरीदी कर घातक समान मगाने वाले लोगो पर सतत निगाह रखने निर्देशित किया गया हैं।

### छग बोर्ड ने आयोजित की कक्षा 10वीं गणित परीक्षा सम्पन्न

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा 2023 में आज शुक्रवार 10 मार्च को विषय गणित की परीक्षा जिले के कुल 76 केंद्रों में आयोजित की गई। कक्षा 10वीं में कुल पंजीकृत 12924 विद्यार्थी है। आज दर्ज 12776 में 12465 विद्यार्थी उपस्थित एवं 311 अनुपस्थित रहें।

जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा जिले बनाये गए परीक्षा केन्द्र का सघन निरीक्षण किया गया। अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा परीक्षा केन्द्र आनंदगांव, भिंभौरी, सरदा का निरीक्षण किया गया। पिकी मनहर डिप्टी कलेक्टर द्वारा परीक्षा केन्द्र बैजलपुर, तिलईकुड़ा, जेवरी, जेवरा, कठियारांका का निरीक्षण किया गया। डॉ पुष्पराज पशु चिकित्सा विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्र पदुमसरा, देवरबीजा बीजा, खाती, हांटरांका, खैरझिटीकला का निरीक्षण किया गया। भावेश सिंह द्वारा परीक्षा केन्द्र अछोली, भिंभौरी का निरीक्षण किया गया। सुश्री अल्का शुल्का जिला प्रबंधक नागरीक विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्र अंधियारखोर, नांदल, सेजेस नवागढ़, बालक स्कूल नवागढ़, झाल, गाड़ामोर, प्रतापपुर का निरीक्षण किया गया।

### कृषि विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**भाटापारा/नवप्रदेश।** उप संचालक कार्यलय कृषि विभाग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में मनाया गया। इस मौके विभाग में कार्यरत महिलाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पुरूषों के बराबर कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। साथ हर क्षेत्र में महिलाएं प्रगति कर रही है। अगर एक महिला ठान ले कि अच्छा कार्य करने की तो वह क्या नहीं कर सकती है सब जानते है कि महिलाओं को हर जगह पुरूषों के बराबर बराबर की हिस्सेदारी महिलाओं के लिए भी लागू किया गया है। इन्ही सकारात्मक विचारों के साथ कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि जोसेफटोप्पो, हेड क्लर्क प्रमोदिनी एम्मानुएल, सहायक सांख्यिकी अधिकारी अर्चना बघेल, भृत्य अंकिता श्रीवास्तव, अनुसुईया यदु एवं अन्य स्टाफगण भी उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. 202302103000012
अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलाम राय पिता/पति उमाशंकर राम निवासी ग्राम खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पीसेगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 548 का टुकड़ा रकबा 1668 वर्गफीट 0.02 हे. भूमि को विक्रेता ठगनी बाई पिता/पति तिजऊ राम देवांगन निवासी ग्राम पीसेगांव से रजिस्ट्र्ड बैनामा दिनांक 10.01.2014 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 17/03/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 27.02.2023
सुनवाई दिनांक 17.03.2023

सील

नायब तहसीलदार
दुर्ग

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र.202302103000011
अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदिका सुमन निषाद पति घनश्याम निषाद निवासी बैजनाथ पारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पीसेगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 550/2 का टुकड़ा रकबा 1375 वर्गलीट 0.01 हे. भूमि को विक्रेता ठगनी बाई पिता/पति तिजऊ राम देवांगन निवासी ग्राम पीसेगांव से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.01.2014 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर केता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 17/03/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/02/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी तिथि 27/02/2023
सुनवाई तिथि 17/03/2023

नायब तहसीलदार,
दुर्ग

सील

# रंग और गुलाल से सराबोर हुए भाजपा कार्यकार्ता

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** ग्राम रेवे में भाजपा प्रदेश मंत्री व पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी होली के दिन अपने निज निवास में क्षेत्र की जनता व कार्यकर्ताओं के साथ होली का त्यौहार बड़े धूम धाम से मनाया। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश चन्देल होली के रंग में नजर आये भारी संख्या में पहुँचें। क्षेत्र की जनता व भाजपा कार्यकर्ता एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। फाग गीत के धुन में कार्यकर्ताओं नेताओ के साथ नगाड़ा बजाते हुए खूब थिरके अवधेश चन्देल। होली के मौके पर अवधेश चन्देल ने सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी, होली का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा,

भगवान श्रीराम चंद्र से कामना किया कि आपके आशिर्वाद से रंगों का त्यौहार सबके जीवन में खुशियां लेकर आये होली के रंगों की तरह सभी के जीवन में खुशियों के रंग भरें। साथ ही महिला दिवस पर बधाई देते हुए कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रही हैं। आज महिलाएं घर, गृहस्थी चलाने से लेकर देश को चलाने में भी अपना योगदान दे रही हैं। आगे कहते हुए उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेर्तृत्व में देश लगातार विकास की ओर प्रगति की ओर बढ़ रहा हैं, उनका पूरा देश में लहर चल रहा हैं, जिसका ताजा उदाहरण पूर्वोत्तर राज्यो का परिणाम हैं। राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने बजट पेश किया, उसमें केवल और केवल राज्य के जनता के लिए झुन झुना पकड़ा दिया। गरीब जनता की आवास को रोक के रखा अब बोलते है सर्वे कराएंगे यह केवल नाटक हैं, क्योंकि सर्वे सूची 2011 की रखाई हुई है। पेंसन 1000 व 1500 का क्या हुआ, कर्मचारियों की नियमितीकरण का क्या हुआ, शराबबंदी का क्या हुआ, ऐसे ही अपने किये हुए एक भी वादा पूरा नही कर सकी हैं, केवल और केवल हर वर्ग को ठगा हैं। आम जनता ठगा हुआ महसूस कर रही, कांग्रेस सरकार भरोसे के संकट से जूझ रही हैं, इसीलिए बजट से पहले ही इस बजट को भरोसे का बजट बताने का प्रयास किया गया, यह भरोसे का नहीं भरोसे को तोड़ने वाला बजट है। हर वर्ग को छला गया, सरकार ने वादाखिलाफी के कीर्तिमान रच दिए है। कांग्रेस झूठ बोलने वाली पार्टी हैं, यह बात इस बजट से प्रमाणित हो गया हैं। युवा, कर्मचारी, महिला सबको ठगा इस बजट से जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। यह अविश्वसनीय बजट हैं, ना कोई प्रावधान हैं। युवाओं को कैसे बेरोजगारी भत्ता मिलेगा, कोई प्रावधान नहीं हैं, न कोई इंफ्राक्टर हैं और न ही कोई पुरानी योजनाओं पर बल दिया गया है। इससे राज्य की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जनता सरकार के प्रति टकटकी लगाए देख रही थी पर उसके उम्मीदों पर पानी फिर गया हैं। कांग्रेस की सरकार ने राज्य के विकास पर जरा भी ध्यान नहीं दिया। हर बार केवल सत्ता के आनंद को समर्पित बजट रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भीषण सड़क हादसे ...**

गई थी।घायलों को डौंडी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये भी बताया जा रहा है कि मरने वालों में एक 13 साल की लड़की भी शामिल है। वहीं बाइक सवार शख्स जांजगीर जिले का बताया जा रहा है, जो बालोद के पोस्ट ऑफिस में काम करने आता था।

**काम करने जा रहे थे**

इस हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है, वे सभी लोहारा ब्लॉक के ग्राम दुपचेरा के रहने वाले थे। बताया गया है कि ये सभी लोग काम करने के लिए नारायणपुर जा रहे थे। असल में परमेश्वर देवांगन का घर नारायणपुर में बन रहा है। उसी के घर बनाने का ठेका गांव के एक शख्स ने लिया है। उसी के साथ काम करने के लिए सभी कार में सवार होकर सभी जा रहे थे। परमेश्वर की बेटी भी उसी कार में सवार थी। हादसे में परमेश्वर बुरी तरह से घायल हुआ है। जबकि उसकी बेटी की जान चले गई है। इन मृतकों में से ही एक ने परमेश्वर का घर बनाने का ठेका लिया था। फिलहाल उसका नाम सामने नहीं आ सका है।

इन लोगों की हुई मौत

1-लिखनराम देवांगन
2-जानवी देवांगन(13)
3-भूपेंद्र वैष्णव
4-हेमचंद देशमुख
5-नकुल साहू(बाइक सवार)

**शराबबंदी : बिहार मॉडल ...**

में नाम मांगे जाने के बावजूद भाजपा ने किसी का नाम नहीं दिया है।

बीते दिनों विधानसभा के बजट सत्र में भूपेश बघेल ने कहा था कि देश के कई राज्यों में पूर्ण शराबबंदी लागू है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में लागू करने में कोई कठिनाई नहीं है। इसके लिए एक कमेटी भी बना दी गई है।

**मोरबी पुल हादसा : गुजरात सरकार ...**

हलफनामे में कहा कि उसने नगर पालिकाओं और नगर निगमों के तहत आने वाले क्षेत्रों में बड़े और छोटे पुलों के निरीक्षण और रखरखाव के संबंध में 6 मार्च को एक सरकारी प्रस्ताव (जीआर) जारी किया है।

**कर्नाटक में बीजेपी ...**

राज्य में लिंगायत और वोक्कालिगा राजनीतिक रूप से काफी प्रभावी हैं। लिंगायत समुदाय से आने वाले बी एस येदियुरप्पा इस समुदाय के सबसे बड़े नेता हैं और लिंगायत मठों में उनका बहुत सम्मान भी है।

राज्य में येदियुरप्पा की ताकत में इसका बड़ा योगदान है। दूसरी तरफ पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा सबसे प्रभावी वोक्कालिगा नेता हैं और इस समुदाय का अधिकांश समर्थन उनके साथ रहता है।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/O THE SUPERINTENDING ENGINEER, CC-I, OLD MANTRALAY BEHIND - BSNL OFFICE, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID - sece.raipur@cseb.gov.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

**NOTICE INVITING TENDER THROUGH E-BIDDING**

E-tenders are invited against **NIT No. 10-10/Pur./TR-2023_108 date 10.03.2023** for hiring vehicle for following work. **Rfx no-8100030054**

| Sl. No. | Particulars | Contract Value |
|---|---|---|
| 1 | Hiring of Vehicle **(Three Years)** new SUV (Earlier Jeep) category and Equivalent for EE Vigilence CSPDCL Raipur with one driver or maximum 2 year old and having total run not exceeding 60000 Km. The vehicle required on hire should be well maintained, well constructed with good quality of seat cover, foot mating & interiors etc. Hired vehicle should be registered & shall have comprehensive Insurance. The maintenance cost, commercial. Tax and insurance, wages of driver, cost of fuel-Lubricants, repair and maintenance and other liabilities shall be on the contractor side but excluding GST. (A)Rate for Monthly run 1st 2000 Km. (B)Rate for extra run beyond 2000 Km. (Rs. Per Km.) (C)Rate to be deducted for running less than2000 Km. (Rs. To be deducted). | 20.00 Lakh Apro. Excluding GST |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** Last date and time of submission of bid is on **03.04.2023** up to **01:30 P.M.** and due date of opening is on at **02:00 P.M.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee of **Rs. 2000/- (Incl.GST)** may be deposited in this office though MICR Demand Draft drawn in favour of "The Sr.A.O.-I, C.S.P.D.C.L., Raipur" should be received in this office on or before **03.04.2023.** up to **01:30 P.M.** which is not refundable. An amount of **(Rs. 20,000/-)** 1% of the Tender value towards EMD has to be deposited by the Contractor in this office through MICR Demand Draft drawn in favour of "The Sr. A.O.-I, C.S.P.D.C.L., Raipur". The Envelopes containing cost of the Tender Money and EMD must be super scribed clearly with 'Tender work name', 'Tender No. & Date', Cost of Tender Money/EMD amount with details of DD, due date of opening and name of firm with Address, Tel/Mob No. and shall be addressed to **S.E. City Circle-I,** CSPDCL, Old Mantralaya, Raipur. NON-MICR DEMAND DRAFTS WILL NOT BE ACCEPTABLE IN BOTH THE ABOVE CASE. The Notice for extension of Due Date of tender submission/opening/ corrigendum/ amendment, if any, to the tender document will be displayed on CSPDCL's official websites as mentioned above. **S.-35907/3**

**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

SAVE ELECTRICITY

**छत्तीसगढ़ शासन**
**वन विभाग सामान्य वनमंडल, महासमुन्द (छत्तीसगढ़)**
**नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द के पिथौरा काष्ठागार में एकत्रित ईमारती काष्ठ का निवर्तन घोष विक्रय द्वारा दिनांक 14.03.2023 को किया गया जावेंगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है। बोली लगाने के पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण करने के बाद ही बोली लगावें।

नीलाम स्थल का नाम- पिथौरा
नीलाम दिनांक - 14.03.2023
नीलाम समय - 9.00 बजे प्रात:

**नीलाम दिनांक 14.03.2023 को रखे जाने वाले वनोपज का अनुमानित मात्रा काष्ठागार पिथौरा**

| | | नया वनोपज | | | अन्सोल्ड (पुराना) वनोपज | | | | कुल वनोपज | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | प्रजाति | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी, | फे. पोल | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे. पोल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | सागौन | 0.000 | 0 | 0 | 161.673 | 2566 | 4160 | 0 | 161.673 | 2566 | 4160 | 0 |
| 2 | साल | 2.909 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2.909 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | तिन्सा | 24.843 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 24.843 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | शीशम | 6.793 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 6.793 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बीजा | 5.476 | 0 | 0 | 0. | 0 | 0 | 0 | 5.476 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | साजा | 26.999 | 0 | 0 | 32.186 | 3573 | 0 | 0 | 59.070 | 3573 | 0 | 0 |
| 7 | हल्दु मुंडी | 5.070 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5.070 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | धावड़ा | 34.902 | 0 | 0 | 10.494 | 0 | 0 | 0 | 45.396 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | सलिहा मोदे | 40.386 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 40.386 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | अन्य | 65.774 | 0 | 0 | 14.597 | 2158 | 0 | 1224 | 80.371 | 2158 | 0 | 1224 |
| | **योग :-** | **213.152** | **0** | **0** | **218.950** | **8297** | **4160** | **1224** | **432.102** | **8297** | **4160** | **1224** |

वन परिक्षेत्र बागबाहरा, उप. डिपो बागबाहरा - 193 चट्टा जलाऊ (पुराना) | वन परिक्षेत्र बसना, उपभोक्ता डिपो बसना- 130 चट्टा जलाऊ (पुराना)

**टीप :-** 1/ किसी भी व्यक्ति को नीलाम में किसी लाट के लिये बोली लगाने की अनुमति तब तक नही दी जावेगी जब तक कि उसने शर्तो का पालन करने के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर हस्ताक्षर न कर दिये हों।

2/ प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- इसमें जो भी अधिक हो जमा करना अनिवार्य है ।

3 / नियमानुसार समस्त क्रेताओं को नीलाम में विक्रय मूल्य के विरूद्ध 25 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। यदि किसी क्रेता द्वारा किसी कारणवश विक्रय मूल्य की 10 प्रतिशत राशि ई.एम.डी. के रूप में जमा की जाती है तो उसे 07 दिवस के भीतर शेष 15 प्रतिशत राशि जमा करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वनमंडलाधिकारी, स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर जमा 10 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि शासन के पक्ष में राजसात कर लाट निरस्त कर दी जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित क्रेता की होगी।

4/ ई.एम.डी. हेतु महासमुंद में स्थित समस्त बैंको के मल्टीसिटी चैक स्वीकार किया जावेगा ।

5/ विर्निमाता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस 2023 का एवं आयकर पेन नं./सेलटैक्स टीन नम्बर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा ।

6/ नीलाम में क्रय किये गये लाटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

7/ नीलाम में भाग लेनेवाले समस्त ठेकेदारों को नीलाम के दौरान COVID-19 के रोकथाम हेतु WHO द्वारा जारी नियमों का अनिवार्यतः पालन करना होगा।

8/ छ.ग. राज्य के बाहर से नीलाम हेतु उपस्थित ठेकेदारों को E-pass लाना अनिवार्य है।

**दूरभाष क्रमांक 07723-222084 (कार्यालय)**

जी-99154/3

**वनमण्डलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल महासमुंद (छ.ग.)**

### कवर्धा ने आयोजित की फाग प्रतियोगिता

**कवर्धा/नवप्रदेश।** जनपद पंचायत कवर्धा ने अपनी वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वहन करने हुए इस बार भी होली पर्व के मौके पर जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी दिनेश चन्द्रवंशी तथा उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू के नेतृत्व में भव्य फाग प्रतियोगिता एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत कवर्धा परिसर में आयोजित इस होली मिलन समारोह में जहां जनपद क्षेत्र की कई फाग टोलियों ने हिस्सा लेकर अपनी शानदान प्रस्तुति से होली के रंगों में चार चांद लगा दिए वहीं होली मिलन समारोह में भी सारे गिले, सिकवे भूलकर सभी वर्ग, समुदाय और राजनैलिक दलों के लोगों ने शामिल होकर एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू ने कहा कि होली रंगो का त्यौहार है।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
Email ID- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./1392/न.पा.प./लो.नि.वि./2022-23 | सरायपाली, दिनांक 10.03.2023

**// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् सरायपाली में वर्ष 2023-24 में जलकष्ट निधि/मरम्मत संधारण/शासकीय अनुदान/निकाय निधि अंतर्गत निम्न कार्यो/सामग्री प्रदाय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है अतः निम्नलिखित कार्यों/सामग्री प्रदाय हेतु अधिकृत विक्रेता/निर्माता/फर्मो से फार्म A, B, C में स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा त्रि- लिफाफा पद्धति के अनुसार होगी।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 31.03.2023 समय 04.00 बजे अपरान्ह तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 03.04.2023 समय 04.00 बजे अपरान्ह तक।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि- 10.04.2023 समय 03.00 बजे अपरान्ह तक।
4. प्रस्तुत निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 10.04.2023 समय 04.00 बजे अपरान्ह से।

| क्र. | कार्य विवरण | अनु. लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जलप्रदाय सामग्री प्रदाय। | 15.00 | 11250.00 | 750/- | वार्षिक (2023-24) |
| 2. | सबमर्सिबल पंप एवं अन्य पंप सामग्री प्रदाय। | 10.00 | 7500.00 | 750/- | |
| 3. | सबमर्सिबल पंप तथा मोनोब्लॉक पंप मरम्मत/ संधारण/लोरिंग लिफ्टींग कार्य । | 10.00 | 7500.00 | 750/- | |
| 4. | विद्युत मरम्मत/ संधारण सामग्री प्रदाय । | 10.00 | 7500.00 | 750/- | |
| 5. | स्वच्छता सामग्री प्रदाय । | 5.00 | 3750.00 | 750/- | |
| 6. | स्टेशनरी सामग्री प्रदाय । | 2.00 | 1500.00 | 750/- | |
| 7. | क म्प्यूटर सामग्री/मरम्मत कार्य। | 2.00 | 1500.00 | 750/- | |
| 8. | जे.सी.बी. किराया से प्रदाय कार्य (डीजल एवं समस्त व्यय सहित) दर प्रतिघण्टा प्रतिदिन। | 5.00 | 3750.00 | 750/- | |
| 9. | निकाय के समस्त प्रकार के वाहन जैसे- ट्रैक्टर/ ऑटो टिप्पर/ वाटर टेंकर व अन्य वाहन मरम्मत कार्य। | 5.00 | 3750.00 | 750/- | |
| 10. | फ्लैक्स/रंगाई-पोताई कार्य । | 2.00 | 1500.00 | 750/- | |
| 11. | प्रिंटिंग कार्य । | 2.00 | 1500.00 | 750/- | |
| 12. | ट्रैक्टर प्रदाय (प्रतिट्रीप मुरूम/रेत/स्टोन डस्ट फिलिंग कार्य) डीजल एवं समस्त व्यय सहित । | 5.00 | 3750.00 | 750/- | |
| 13. | टेंट व्यवस्था/कुर्सी-टेबल/मंच/माईक सेट व अन्य किराया। | 2.00 | 1500.00 | 750/- | |
| 14. | निकाय क्षेत्र में बोर खनन कार्य मोटर पंप स्थापना सहित । | 18.00 | 7500.00 | 750/- | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज, सामग्री/कार्य की सूची व अन्य जानकारी https://uad.cg.gov.in/ से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**टीप - निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सरायपाली**

**Chola** Enter a better life

**चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालयः नं. 2, 'डेयर हाऊस, प्रथम तल, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001.
शाखा कार्यालयः शॉप नं. 416, चौथी मंजिल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, मारुति बिजनेस पार्क के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर छत्तीसगढ़-492001. सम्पर्क नं. प्रकाश वर्मा- 9981343191, प्रखर शर्मा- 9826432751.

**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियां की बिक्री के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना । एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रुप से ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रतिभूत लेनदार के द्वारा गिरवी रखी गई है, जिसका **सांकेतिक कब्जा चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी के द्वारा लिया गया है, जिसे इसके बाद **चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड** के रुप में संदर्भित किया गया । प्रतिभूत संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से **"जैसा है जहां है"**, **"जैसा है जो है"** और **"जो कुछ भी है"** के आधार पर की जाएगी । इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है हम वेबसाइट **https://bankauctions.in** के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं ।

| खाता नंबर, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं बंधककर्ता का नाम | 1. तिथि 2. मांग सूचना राशि 3. कुल बकाया ऋण 4. कब्जे की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / बयाना राशि, बोली वृद्धि, राशि (रुपये में) | ई-नीलामी तिथि, समय, ईएमडी जमा की अंतिम तिथि एवं निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या- X0HERRH00002551469 & HE02RRH00000011690 ऋणी एवं सह-ऋणी: 1. कन्हैया प्रेमचंदानी, 2. रिया प्रेमचंदानी, दोनों का निवास- मकान नं. एल-18, गली-4, अवनी विहार, मोवा, दलदल सिवनी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492007, 3. योगेश प्रेमचंदानी, मकान नं. एल-18, अवनी विहार, साई दृष्टि दलदल सिवनी, मोवा रायपुर, छत्तीसगढ़-492007. 4. इन्दर प्रेमचंदानी, मकान नं. एल-18, अवनी विहार, हेल्थ क्लब के बगल में, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492007. 5. मेसर्स अपेक्स इनएक्स, इंदिरा गांधी, व्यावसायिक परिसर, शॉप नं. सी-18, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. | 11.11.2022 ₹ 1,75,08,293/- and ₹ 35,15,846/- कुल ₹ 2,10,24,139/- तक 05.11.2022 ₹ 1,82,67,262/- & ₹ 36,94,061/- कुल ₹ 2,19,61,323/- तक 06.03.2023 को भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ। 28.01.2023 सांकेतिक कब्जा | खसरा नं. 117/2 एवं 136/1 का भाग, प्लॉट नं. 4, क्षेत्रफल- 795 वर्गफीट, मौजा- पण्डरी तराई, शहीद हेमू कालानी वार्ड नं. 35, प.ह.नं. 109, आरएनएम- रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर- 492001, छत्तीसगढ़ में स्थित संपत्ति के समस्त भाग व अंश । चौहद्दी विक्रय विलेख अनुसार- उत्तर- सड़क, दक्षिण- सड़क, पूर्व- प्लॉट नं. 3, पश्चिम- प्लॉट नं. 5. | ₹ 2,37,00,000/- ₹ 23,70,000/- ₹ 1,00,000/- | 30.03.2023 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) 27.03.2023 (शाम 5.30 बजे तक) 20.03.2023 और 21.03.2023 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक) |
| ऋण खाता संख्या- X0HERRH00002391903, X0HERRH00003467409 एवं HE02RRH00000001895 ऋणी एवं सह-ऋणी: 1. अनुराग अग्रवाल, 2. आनंद मोहन अग्रवाल, सभी का निवास- लक्ष्मी दाल मिल, न्यू टिम्बर मार्केट, पाटीदार भवन के पास फाफाडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, 3. लक्ष्मी सेल्स, टिम्बर मार्केट के पास, फाफाडीह रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. 4. ललिता देवी अग्रवाल, 5. मीता अग्रवाल, 6. अंजु अग्रवाल, सभी का निवास- लक्ष्मी दाल मिल, न्यू टिम्बर मार्केट, पाटीदार भवन के पास, फाफाडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. | 11.10.2022 ₹ 1,08,46,783/- ₹ 73,72,525/- एवं ₹ 33,06,096/- कुल ₹ 2,15,25,404/- तक 10.10.2022 ₹ 1,14,87,865/-, ₹ 78,10,058/- एवं ₹ 35,08,293/- कुल ₹ 2,28,06,216/- तक 06.03.2023 को भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ। 02.01.2023 सांकेतिक कब्जा | परिवर्तित संपत्ति खसरा नं. 18/239/7/1 एवं 239/7/2 का भाग, सम्मिश्रण क्षेत्र 2000 वर्ग फीट, मौजा- फाफाडीह, राजीव गांधी वार्ड, वार्ड नंबर 22, पीएच नं. 48, आर.आई.सी. रायपुर-5, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) उपहार विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तरः दानकर्ता की संपत्ति, दक्षिणः सड़क, पूर्वः दानकर्ता की संपत्ति, पश्चिमः दानकर्ता की संपत्ति | ₹ 2,34,00,000/- ₹ 23,40,000/- ₹ 1,00,000/- | 30.03.2023 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) 27.03.2023 (शाम 5.30 बजे तक) 20.03.2023 और 21.03.2023 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक) |
| ऋण खाता संख्या- HE01RRH00000019566 ऋणी एवं सह-ऋणी: 1. लक्ष्मी सेल्स, 2. आनंद मोहन अग्रवाल, 3. अंजु अग्रवाल, 4. वरेन्या अग्रवाल, सभी का निवास- टिम्बर मार्केट के पास, फाफाडीह, रायपुर, ईश्वर साँ मिल के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. 5. अनुराग अग्रवाल, लक्ष्मी दाल मिल, न्यू टिम्बर मार्केट, पाटीदार भवन के पास, फाफाडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. | 18.10.2022 ₹ 1,81,16,051/- तक 10.10.2022 ₹ 1,90,75,892/- तक 06.03.2023 को भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ। 02.01.2023 सांकेतिक कब्जा | परिवर्तित संपत्ति खाता संख्या 1267 - भाग -1, खसरा नं. 239, शीट नं. -18, प्लॉट नं. 7/2 सम्मिश्रण क्षेत्र 2000 वर्ग फीट, मौजा- फाफाडीह, राजीव गांधी वार्ड, वार्ड नंबर 22, पीएच नं. 48, आर.आई.सी. रायपुर-5, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) उपहार विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तरः दानकर्ता की संपत्ति, दक्षिणः सड़क, पूर्वः दानकर्ता की संपत्ति, पश्चिमः दानकर्ता की संपत्ति | ₹ 2,34,00,000/- ₹ 23,40,000/- ₹ 1,00,000/- | 30.03.2023 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) 27.03.2023 (शाम 5.30 बजे तक) 20.03.2023 और 21.03.2023 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक) |

1. सभी इच्छुक भागीदारों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वेबसाइट https://bankauctions.in/ & https://www.cholamandalam.com/ auction-notices देखें। ई-नीलामी की ऑनलाइन प्रशिक्षण, सहायता, प्रक्रिया के लिए संभावित बोलीदाता श्री मुहम्मद रहिस- 81240 0030 मेसर्स 4 क्लोसर, श्री यू. सुब्बाराव, नंबर- 8142000061 से सम्पर्क कर सकते हैं । ईमेल आईडी- subbarao@bankauctions.in, Email. bharathi@bankauctions.in. का संदर्भ लेवें ।
2. नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://bankauctions.in देखें एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.cholamandalam.com/auction-notices पर जाएं ।

**इसे प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिवस की बिक्री सूचना भी समझी जावे ।**

दिनांकः 10.03.2023, स्थानः रायपुर (छ.ग.) | प्राधिकृत अधिकारी/ चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कं.लिमि.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### कायस्थ समाज की चित्रगुप्त पूजा संपन्न

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कलेक्टर कालोनी स्थित सिद्धिविनायक श्रीचित्रगुप्त मन्दिर में कायस्थ समाज कवर्धा का सामूहिक चित्रगुप्त पूजन एवं कलम दवात पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यजमान का दायित्व मनीष-प्रियंका श्रीवास्तव ने निभाया।

पूजा में नगर के कायस्थ समाज की महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। पूजा के पश्चात मो. अकबर मंत्री द्वारा प्रदत्त 10 लाख की राशि से परिसर में हो रहे विकास कार्य का अवलोकन सबने किया, अध्यक्ष शेखर बक्शी द्वारा मासिक सदस्यता 100 रु प्रति परिवार निर्धारित की गई। अदित्य श्रीवास्तव, संजू श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव ,अतुल देव वर्मा महिलाओं में कृति वर्मा नीलिमा श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष वैभव श्रीवास्तव राहुल श्रीवास्तव शुभम श्रीवास्तव मुकेश श्रीवास्तव रजनीश श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### माड़ागांव विद्युत उपकेन्द्र पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि, उपभोक्ता लाभान्वित होंगे

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** इंदागांव उपकेन्द्र 132/33 केव्ही के निर्माण होने से मैनपुर देवभोग अंचल में विद्युत वोल्टेज में अपेक्षित सुधार आया है। वोल्टेज सुधार होने से नये कनेक्शनों जैसे व्यवसायिक, सिंचाई पंप कनेक्शन, राइस मिल व अन्य

विद्युत कनेक्शन में उत्तरोत्तर वृद्धि की संभावना है। जिसके कारण भार वृद्धि होगी। इसको दृष्टिगत रखते हुये देवभोग उपसंभाग अंतर्गत वितरण केन्द्र झाखरपारा के 33 / 11 केव्ही उपकेन्द्र माड़ागांव में 23 फरवरी 2023 को 1.6 एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करके 3.15 एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। उक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना से झाखरपारा क्षेत्र के 60-70 ग्राम के लगभग 9000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इससे उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन प्रदान करने में आसानी होगी तथा बिजली संबंधी शिकायतों में कमी आयेगी। उक्त पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से अंचल के उपभोक्ताओं को बार बार होने वाले विद्युत व्यवधानों से भी राहत मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ के लोगों की आकांक्षाओं का बजट है : आसिफ अली

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट में युवाओं, महिलाओं को विशेष रूप से सम्मान दिया गया है। उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली ने बजट को लेकर कहा इस बजट में 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवा जिनके

परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख से कम उन्हें 25 सौ रुपये बेरोजगारी भत्ता की घोषणा करके छग के यशस्वी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने युवाओं से किया अपना वादा भी पुरा किया। युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनको आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में बजट में प्रविधान किया गया है और नौकरियां कैसे सृजित की जाएगी, उसका प्रवधान किया गया है। निश्चित तौर पर यह बजट छत्तीसगढ़ के लोगों की आकांक्षाओं का बजट है। श्री अली ने कहा कि 101 इंग्लिश मीडियम स्कूल व 3 जिलों मेडिकल कॉलेज की घोषणा कर युवा व छात्रों के हित में फैसला लिया गया है। श्री अली ने आगे कहा कि इस बजट में आगनबाड़ी, मितानिन, शहरी रूलर इंड्रस्टीयल पार्क, राज्य के किसानों, कृषि मजदूरों, गांवों की आर्थिक प्रगति, शिक्षा में गुणवत्ता एवं प्रगति के नवीन आयाम, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण, महिलाओं एवं बच्चों के सर्वागींण विकास, बेरोजगार युवाओं को भत्ता एवं उद्यमिता के नवीन अवसरों के सृजन, ग्रामीण एवं शहरी अधोसंरचना को तेजी से विकसित करने तथा जनता के लिए संवेदनशील प्रशासन की भावना के साथ प्रदेश के लोगों को समर्पित है। श्री अली ने ने इस फैसले को लेकर छग के यशस्वी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

### भोलापुर में आयोजित फाग प्रतियोगिता में शामिल हुए कांग्रेस नेता

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के युवा नेता तरुण सिन्हा ग्राम भोलापुर में आयोजित फाग प्रतियोगिता में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के युवा नेता तरूण सिन्हा ने कहा कि ये रंगो का

त्योहार है, इसे हमें खुशी के साथ मनाना चाहिए, जिससे एक-दूसरे के प्रति रंग लगाकर सम्मान और आशीर्वाद मिलता है। श्री सिन्हा ने कहा 2 वर्ष पूर्व कोरोना काल में रंग तो दूर की बात थी, हम एक-दूसरे से मिल भी नहीं पाते थे। भगवान श्री कृष्ण जी की कृपा है कि आज हम सब एक-दूसरे के साथ बैठकर यहां पर फाग प्रतियोगिता देखते हुए फागुन महीने का और त्यौहार का आनंद उठा ले रहे हैं, इसलिए हर पल को भगवान का आशीर्वाद समझकर हर पल को अच्छे से जिए, एक-दूसरे की मदद करें, यही हम सब की धारणा होनी चाहिए। श्री सिन्हा ने अपने उद्बोधन में भूपेश बघेल सरकार की बखान काते हुए कहा कि जो बजट 2 दिन पहले भूपेश बघेल ने पारित किए वह एक अनोखा बजट रहा है। हर किसान, मजदूर, आदिवासियों, ओबीसी, सामान्य, महिला, युवा सबके हित में बजट रहा है, जो की भूपेश बघेल सरकार की महत्वपूर्ण बजट रही है। अंत में श्री सिन्हा ने सभी आयोजक बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित कर अभिवादन किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भगत बाबाजी, संयोजक भगवाराम चतुर्वेदी, पन्नालाल साहू, गिरीश साहू, महामंत्री कुमर्दा कांग्रेस लखन धन गवि, देवधर सिन्हा, सोहन साहू, रोशन साहू, कपिल पटौती, भोजवानी साहू, संतोष सिन्हा, उद्घोषक मानिक पटेल, श्री चतुर्वेदी एवं गांव के सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने तरुण सिन्हा का जोरदार स्वागत कर सम्मान फूल-माला-गुलाल से अभिवादन किए।

### भरोसे का नहीं, धोखे का है बजट : नवीन अग्रवाल

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश महासचिव व प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन अग्रवाल ने भूपेश सरकार के आखरी बजट 2023 पर पार्टी की ओर से अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया जैसा है। विधानसभा में विपक्ष के नेताओं के एक सवाल में लिखित जवाब

देते हुए खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि जनवरी 2023 के स्थिति में राज्य सरकार पर 82.125 हजार करोड़ रूपया का ऋण है। बजट पेश करते समय सरकार इस ऋण को कैसे चुकाएगी? सरकार के पास आए के कौन-कौन से साधन होंगे? बजट में नहीं बताया गया, यही हाल रहा तो छत्तीसगढ़ सरकार आने वाले समय में दिवालिया के कगार में पहुंच जाएगी। सरकार के पास छत्तीसगढ़ को कैसे विकसित राज्य बनाया जाए तत्संबंध में कोई रोडमैप नहीं है। बजट में मेडिकल कालेज बनाने की घोषणा हुई पर वह किस मद से बनेगा? और कब तक बनेगा? उसका सरकार ने कुछ नहीं बताया। बेरोजगारों को भत्ता देने की घोषणा किया, बेरोजगारों को बीते 4 वर्षों का भत्ता दिया जाना है पर सरकार ने उस पर भी कटौती कर दिया है। वहीं सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में भी कुछ नहीं बताया। सौर ऊर्जा और बिजली में गांव ग्रामीण को आत्म निर्भर बनाने के संदर्भ बजट में कोई प्रावधान नहीं दिखा। कुल मिलाकर सरकार ने बजट के नाम पर औपचारिक घोषणा की है। चुनाव को ध्यान में रखकर लोक लुभावना बजट प्रस्तुत किया किया गया है, जो कि अविश्वनीय है। भूपेश सरकार का यह बजट भरोसे का नहीं बल्कि धोखे का है।

# हर्षोल्लास के साथ मना होली का त्यौहार

**खरोरा/नवप्रदेश।** रंगों का पर्व होली त्यौहार पर इस बार उत्साह पूरे शबाब पर रहा। हर कोई होली के रंग में डूबे नजर आए। जगह-जगह रंगोत्सव की धूम रही। इस बार होली को लेकर युवाओं में जहां खासा जोश नजर आया। वहीं बच्चों में भी गजब का उत्साह देखा गया। इसके लिए युवाओं ने कमरतोड़ तैयारी भी कर रखी थी। रंग- बिरंगी पिचकारी चलाकर बच्चों ने भी खूब धमाल मचाया। बाल्टी में रंग घोलकर बच्चों की टोलियां एक-दूसरे पर रंग छिड़ककर खूब उछलकूद मचाए। कहीं रंगों की होली गई तो कहीं फूलों की। घर से लेकर बॉर्डर तक लोग होली के रंग से सराबोर रहा। रंग-बिरंगे रंगों में रमा नगर की सड़कों पर मस्तानों की टोली

निकली और गलियों में होली का हुड़दंग करते नजर आए। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे पर अबीर, रंग गुलाल लगाकर होली की मुबारक दिए। नगरों में जहां अनेक स्थानों पर होली की महफिल सजी थी वहीं गांव की गली-मोहल्लों में भी होली का हुड़दंग करते हुए बच्चों की टोलियां रंगों की बौछार खूब उड़ेलें । हर जगह गली-मोहल्लों और चौक चौराहों पर युवाओं और मस्तानों की टोलियां उछलकूद करते और मस्ती में झूमते नजर आए। जगह-जगह देर रात तक होली की धूम रही। रंगों और उमंगों का उल्लास सुबह से ही नजर आया। रंगों की इन्द्रधनुषी छटा और गुलाबी रंग में पूरा गांव- नगर रंगा हुआ था। चारो ओर बुरा न मानो होली है की गूंज गूंजती रही। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुगों पर भी होली का खुमार छाया रहा। गांव नगर की फिज्रा में होली का रंग इस कदर चढ़ चुका था कि हर

#### गलियों में सुबह से ही नजर आया होली का उत्साह

गली-मोहल्लों में सुबह से ही होली का हुड़दंग शुरू हो गया था। गली- मोहल्लों में बज रहे डीजे की धुन में विधुन युवा रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे गाने पर खूब डॉस किए। युवाओं की टोलियां ढोल नाड़ों के साथ फाग गीतों पर भी खूब रंग जमा दिए। हर जगह चौक चौराहों पर युवाओं और मस्तानों की टोलियां नजर आई। मंगलवार रात को होलिका दहन हुआ और बुधवार को रंगोत्सव की छटा बिखरी। होलिका दहन के पूर्व लोगों ने होलिका की पूजा कर परिवार के सुख और आरोग्य की कामना की। बुधवार को सुबह से ही धुलेंडी रंगोत्सव पर्व पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। गलियों से लेकर चौबारों तक होली. की हुड़दंग के संग मस्ती के रंग छाया रहा।

## सोनभट्टा में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**खरोरा/नवप्रदेश।** भागवत कथा को सुनने मात्र से व्यक्ति के जीवन से जुड़ा हर दोष नष्ट हो जाता है, उसकी नकारात्मकता जाती रहती है और हर प्रकार से वह सकारात्मक हो जाता है। उसे स्वास्थ्य, समृद्धि मिलती है तथा भाग्य में वृद्धि होती है। इसे सुनने के क्रम में आत्मिक ज्ञान की प्राप्ति करते हुए आप सांसारिक दुखों से निकल पाते हैं। भागवत कथा श्रवण से दुख एवं दरिद्रता दूर होकर सुख और शांति प्रदान करती है। उक्त बातें स्वर्गीय धरम सिंह वर्मा की स्मृति में ग्राम सोनभट्ठा में वर्मा परिवार द्वारा आयोजित हो रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान कथावाचक पंडित शत्रुहन प्रसाद पांडेय( मनोहरा वालें) ने कहीं। कथा के दूसरे दिन कथा प्रसंग में कथावाचक ने ब्यास पीठ से व्यास जन्म, परीक्षित जन्म, और वाराह अवतार की कथा विस्तार से बताया तो भक्त भावविभोर हो गए।

भागवत कथा के महात्मय की कथा सुनाते हुए कथा ब्यास ने कहा कि भागवत सभी पापों से मुक्त कर भगवत प्राप्ति कराने वाला पुराण है। उन्होंने भक्तों को 24 अवतारों की कथा सुनाते हुए भागवत कथा सुनकर ज्ञान को जीवन में उतारने की सलाह दी। परीक्षित जन्म में बताया कि किस प्रकार राजा परीक्षित जैसे धर्मात्मा राजा को गलती से ब्राह्मण का अपमान करने से श्राप को भुगतना पड़ा सोचो जो लोग जानबूझकर ब्राह्मण एवं सन्तो का अपमान करते हैं उनकी क्या गति होगी। उन्होंने आगे कहा कि युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने

क्रोधित होकर पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया। ब्रह्मास्त्र से लगने से अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। परीक्षित जब बड़े हुए तो नाती पोतों से भरा पूरा परिवार था। सुख वैभव से समृद्ध राज्य था। वह जब 60 वर्ष के थे। एक दिन वह ऋमिक मुनि से मिलने उनके आश्रम गए। उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन तप में लीन होने के कारण मुनि ने कोई उत्तर नहीं दिया। राजा परीक्षित स्वयं का अपमान मानकर निकट मृत पड़े सर्प को ऋमिक मुनि के गले में डाल कर चले गए। अपने पिता के गले में मृत सर्प को देख मुनि के पुत्र ने श्राप दे दिया कि जिस किसी ने भी मेरे पिता के गले में मृत सर्प डाला है। उसकी मृत्यु सात दिनों के अंदर सांप के डसने से हो जाएगी। ऐसा ज्ञात होने पर राजा परीक्षित ने विद्वानों को अपने दरबार में बुलाया और उनसे राय मांगी। उस समय विद्वानों ने उन्हें सुखदेव का नाम सुझाया और इस प्रकार सुखदेव का आगमन हुआ।

बता दें कि 9 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित हो रहे भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे है।

## संसदीय सचिव ने आम जनता के साथ खेली होली

**महासमुंद/नवप्रदेश।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने होली त्यौहार के अवसर पर शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कलेक्टोरेट कॉलोनी पहुंचकर कलेक्टर-एसपी के साथ भी होली खेली।

आठ मार्च की सुबह संसदीय सचिव चंद्राकर अपने परिवार के साथ होली खेलने के बाद ग्राम खरोरा, त्रिमूर्ति कॉलोनी, कौशिक कॉलोनी, कांग्रेस भवन पहुंचकर होली खेली। बाद इसके कलेक्टोरेट कॉलोनी में कलेक्टर और एसपी के साथ होली खेलकर पर्व की बधाई दी। संसदीय सचिव चंद्राकर ने सुरक्षा में तैनात पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी रंग-गुलाल लगाकर सामाजिक समरसता के प्रतीक होली पर्व की बधाई दी।

## गौठान व रीपा के कार्यो का जायजा लेने कड़ार पहुंचे कलेक्टर

**भाटापारा/नवप्रदेश।** कलेक्टर रजत बंसल ने फ्लैगशिप योजनाओं के तहत गौठान एवं रीपा के तहत हो रहे कार्यो का जायजा लेने विकासखंड भाटापारा के ग्राम कड़ार के गौठान पहुँचे। उन्होंने रीपा के तहत विकसित किए जा रहे निर्माणाधीन इकाइयां,वर्किंग शेड,

बाड़ी एवं चारागाह का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान जनपद सीईओ राजेंद्र पांडेय ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया की महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्री पार्क के तहत यहाँ पशु आहार,बीज संस्करण एवं गारमेंट्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित किया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। निर्माण का कार्य पूर्ण होते ही

मशीनों की स्थापना की जाएगी। धान बीज संस्करण में कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा एवं पशु आहार मैन्युफैक्चरिंग में पशुपालन विभाग के देखरेख में किया जा रहा है। कलेक्टर बंसल ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर कार्य करनें एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने कहा गया है। इसके साथ ही बंसल ने उपस्थित महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों से मिलकर गौठान में संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल किए।

## भाजपा मंडल की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**खरोरा/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी खरोरा मंडल में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ,जिसमे शक्तिकेंद्र के विस्तारक एवं महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी के अभिभाषण का पाठन हेतू आवश्यक दिशा निर्देश तीनो मंडल के शक्तिकेंद्र के संयोजक एवं सह संयोजको को एवं प्रत्येक शक्तिकेंद्र पर विश्तारको भी आवाश्यक जानकारी दी गई । साथ ही बूथ सशक्तीकरण के लिये आवश्यक बिन्दुओ पर जानकारी दी गई। इसी क्रम में सांसद रायपुर लोकसभा सुनील सोनी जी ,जिला प्रभारी प्रहलाद रजक जी,जिला अध्यक्ष अभिनेष कश्यप, पुर्व विधायक देव जी भाई पटेल जी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर गुलाब सिंह टिकरिहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चन्द्रकांती वर्मा जी, विधानसभा प्रभारी कैलाश चन्द्रवंशी, जिला महामंत्री द्वे अनिल अग्रवाल, श्याम नारंग, जिला उपाधक्ष महेश नायक, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल नायक जी,जिला सह कोषाध्यक्ष अरविंद ठाकुर, बुधेश्वर वर्मा जिला कार्यालय प्रभारी, जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा राजकुमार ठाकुर, अशोक सिन्हा प्रदेश मंत्री पिछड़ा मोर्चा, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी जी,अमरीका वर्मा, निलांबुज चंद्राकर मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार वर्मा, रोबिन साहू, शिवशंकर वर्मा, ठाकुर राम वर्मा ,मंडल महामंत्री गण घनश्याम चन्द्राकर, पुरुषोत्तम यादव, छगन यादव।

### स्वरोजगार योजना से किशन को मिला रोजगार

**कवर्धा/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से किशन चंद्रवंशी की जीवन में एक नया मोड़ आया है। बीएससी की पढ़ाई करने के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में अपना समय दिया। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की आगे पढ़ाई के लिए एक शांत वातावरण वाले स्थान चयन करते हुए मन में रोजगार करने का विचार आया। जिससे स्वयं की पढ़ाई जारी रहे और इसके साथ ही अन्य प्रतियोगी परीक्षा के परीक्षार्थी भी यहां अपना पढ़ाई कर सके। जिससे पढ़ाई के साथ-साथ आमदनी भी हो। इसके लिए लाइब्रेरी कम रीडिंग रूम की स्थापना करने का सोंचा और जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग से संपर्क कर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से 04 लाख रूपए का ऋण प्राप्त हुआ। वर्तमान मे किशन पीएससी की तैयारी के साथ-साथ पिछले दो महीने में 80 हजार रूपए की आय प्राप्त की है। बोड़ला विकासखंड के ग्राम सारंगपुर निवासी किशन चंद्रवंशी ने बताया कि वे कवर्धा से बीएससी की पढाई की है। पढाई के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए बिलासपुर में कोचिंग किया। बिलासपुर में कोचिंग के दौरान किशन लाइब्रेरी में जाकर पढाई करता था, कोचिंग खत्म होने के बाद कवर्धा में आकर तैयारी करने लगा।

## 101 बल्क लीटर शराब जब्त

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** जिले के आबकारी अमला द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर अवैध शराब के बिक्री व भण्डारण के विरूद्ध छापामारी कार्यवाही कर 5 प्रकरण में कुल 101.54 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोगीडिपा निवासी मैतुराम कमार, रामसिंह कमार से 5 लीटर वाली 10 प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई 50 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब तथा देवभोग के ग्राम छैला निवासी चमरू यादव से एक प्लास्टिक बोरी में 200 मिली लीटर कुल 40 बल्क लीटर बरामद कर धारा 34(1)क, 34(2) एवं 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार देवभोग के ग्राम कोदोभाठा निवासी प्रेमलाल गाड़ा से 22 नग ट्रीपल लाल घोड़ा छाप उड़िसा प्रांत की कच्ची शराब कुल 4.4 बल्क लीटर, ग्राम मदानमुड़ा निवासी भुपेन्द्र सागर से एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 18 नग उड़िसा प्रांत की विदेशी शराब फ्रंटलाईन कुल 3.24 बल्क लीटर शराब और देवभोग अंतर्गत ग्राम

बजाड़ी निवासी बसंत कुमार यादव से उड़िसा प्रांत की किंगफिसर बियर 5 नग कुल 3.9 बल्क लीटर बरामद कर धरा 34(1)क के तहत छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। छापामारी के कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादुर कुर्रे, आबकारी उपनिरीक्षक विजयेन्द्र कुमार व दरस राम सोनी, आबकारी आरक्षक पीताम्बर चौधरी, सैनिक पद्मन साहू, मिथलेश सिन्हा, महिला सैनिक हेमबाई साहू, कामिनी सोनी, शैलेन्द्र कुमार कश्यप, गोवर्धन सिन्हा और कुलेश्वर निषाद का योगदान रहा।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा/नवप्रदेश।** शादी का झांसा दुष्कर्म करने फिर शादी से इंकार करने के मामले में प्रार्थीय की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

उपरोक्त संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीण थाना प्रभारी विनोद कुमार मंडावी ने बताया की पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में अति0पु0अ0 सचिन्द्र चौबे एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के

मार्ग दर्शन मे ग्रामीण पुलिस की टीम ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी विनोद मंडावी ने बताया की पीडिता ने थाना भाटापारा ग्रामीण में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी राहुल बंजारे साकिन कडार थाना भाटापारा ग्रामीण के द्वारा शादी का आश्वासन देरकर दैहिक शोष्ण किया है और अब शादी करने से इंकार कर रहा है किरिपोर्ट पर अपराध धारा 376,506 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी राहुल बंजारे साकिन कडार को गिरुफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### प्राकृतिक आपदा के दो प्रकरण में आठ लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम धवलपुर निवासी 43 वर्षीय दीपक यादव की 21 जनवरी 2022 को अग्नि दुर्घटना से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी रीता यादव को 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार राजिम तहसील के ग्राम कोपरा निवासी 30 वर्षीय डामरू राम तारक की 05 नवम्बर 2022 को एनीकट के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी ममता तारक को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रभारी मंत्री भगत आज गरियाबंद में

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी व संस्कृति मंत्री तथा गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत 11 मार्च 2023 को ग्राम चिचिया विकासखंड देवभोग आयेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री भगत 11 मार्च को पूर्वान्ह 10:45 बजे पुलिस ग्राउंड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 12:55 बजे ग्राम चिचिया विकासखंड देवभोग पहुंचेंगे। वे यहां पर शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात मंत्री श्री भगत हेलीकॉप्टर द्वारा ग्राम चिचिया से मनेन्द्रगढ़ जिला के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बाला तालाब में अमृत सरोवर निर्माण नई पीढ़ी के लिए होगा ऐतिहासिक और प्रेरक

#### सेनानी ग्राम खिसोरा में 20 लाख की लागत से निर्मित

**धमतरी/नवप्रदेश।** आजादी की बात आते ही सेनानी ग्राम खिसोरा दिलोदिमाग में तरंगायीत हो उठती है। सच में देखा जाये तो कैलेण्डर पर बदलती हर तारीख, नई उम्मीदों और नई खुशियों के साथ सेनानी ग्राम खिसोरा का बखान कर सकते हैं। जहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ताराचंद साहू, स्वर्गीय देवनाथ पटेल, स्वर्गीय अलख राम पटेल, स्वर्गीय माधव राम पटेल, स्वर्गीय भूखेलाल पटेल, स्वर्गीय थानूराम बंछोर जिन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भाग लेकर भारत मां के मस्तक को ऊंचा किया।

जिला मुख्यालय से सेनानी ग्राम खिसोरा की दूरी 52 कि.मी. तथा विकासखंड मुख्यालय से 18 कि.मी. की दूरी में स्थित है। सन् 1952 में बाला तालाब का निर्माण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद साहू ने जन कल्याण की भावना से लगभग 06 एकड़ भूमि में किया था। बाला तालाब निर्माण से ग्रामवासियों को निस्तारी सुविधा उपलब्ध हो रही है। वहीं जय भगत बाबा मछ्वारा समिति द्वारा मछली पालन से ग्राम पंचायत को 25 हजार रूपये की आमदनी हो रही है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल द्वारा 11 जनवरी 2023 को 06 स्वतंत्रता

संग्राम सेनानियों की मूर्ति का अनावरण करते हुए ऐतिहासिक ग्राम बताया। राष्ट्रीय पर्व पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का परिवार के परिजनों द्वारा ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास के साथ सेनानी ग्राम खिसोरा वासी पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। बाला तालाब में अमृत सरोवर निर्माण नई पीढ़ी के लिए ऐतिहासिक और प्रेरक होगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोक्तिमा यादव ने बताया कि सरोवर गांव की पुरानी परंपरा में रही है। पहले गांव के लोग सरोवर के स्वच्छ जल से ही भोजन पकाते थे। समाज में सामाजिक सरोकार की भावना से सामंजस्य बनी रहती है। जिले में जलग्रहण क्षेत्र उपचार के साथ-साथ जलग्रहण क्षेत्र में लूज बोल्डर संरचनाएं, ओपन इनलेट आदि से निर्मित करते हुए अमृत सरोवर को नये स्वरूप में निर्माण कर रहे हैं।

जब पूरे भारत वर्ष में आजादी की वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में जश्न मना रहे थे, तब देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2022 के अवसर पर 24 अप्रैल 2022 को मिशन अमृत सरोवर का शुभारंभ करते हुए देशवासियों से जल का संरक्षण करते हुए संरचनाओं का कायाकल्प किया जाये। इस हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग, भूमि संसाधन विभाग), जलशक्ति मंत्रालय (जल संसाधन विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग), संस्कृति मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान एक व्यापक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कार्य कर रही है। इन संस्थाओं के माध्यम से जिले के अमृत सरोवर को नया स्वरूप दी जा रही है।

# सोंड्रा में मिली पांडुवंशी काल की बुद्ध प्रतिमा

- शिवलिंग और खण्डित सीलबट्टे भी मिले
- पुरातत्व एवं अभिलेखागार विभाग के अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। शिवलिंग और खण्डित सीलबट्टे भी मिलेरायपुर से बिलासपुर मार्ग पर स्थित ग्राम सोंड्रा में गृह निर्माण के लिए किये जा रहे उत्खनन कार्य के दौरान पांडुवंशी काल की प्राचीन बुद्ध प्रतिमा सहित अन्य पुरातात्विक प्रतिमाएं मिलने से गांव में हर्ष व्याप्त है। गौरतलब है कि ग्राम सोंड्रा में दिलेन्द्र बंछोर द्वारा गृह निर्माण हेतु किए जाने वाले उत्खनन कार्य के दौरान बुद्ध की प्रतिमा प्राप्त हुई है। इस संबंध में जानकारी मिलते ही पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय विभाग के संचालक विवेक आचार्य के निर्देश पर पुरातत्व विभाग की टीम डॉ. पी.सी. पारख, डॉ. वृषोत्तम साहू तथा डॉ. राजीव मिंज के द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया।

पुरातत्व एवं अभिलेखागार विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर से बिलासपुर मुख्य मार्ग में 16 किलोमीटर की दूरी पर सांकरा से 2 किलोमीटर पश्चिम दिशा में स्थित ग्राम सोंड्रा (अक्षांश 21ए21'53.5÷ह देशान्तर 81ए38'19.4 श्व) है। उक्त स्थल से खारुन नदी लगभग 3 किलोमीटर पश्चिम दिशा पर स्थित है। प्रतिमा प्राप्ति स्थल ग्राम के सबसे ऊंचाई वाले भाग पर स्थित है और यहाँ प्राचीन टीला होने के साक्ष्य दिखाई देते हैं। दिलेन्द्र बंछोर के व्यक्तिगत आवास परिसर में ही भवन के विस्तार के लिए कालम हेतु किए गए उत्खनन के दौरान भूमि की सतह से लगभग 3 फीट की गहराई से बुद्ध की प्रतिमा का ऊपरी भाग प्राप्त हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय बालुए पत्थर में निर्मित इस प्रतिमा की चौड़ाई 74ङ्ग ऊंचाई 87ङ्ग मोटाई 40 सेंटीमीटर है। बुद्ध की इस विशाल प्रस्तर प्रतिमा के माथे पर ऊर्णा (तिलक चिन्ह) का अंकन इसे अनोखा रूप प्रदान करती है।

# एनएमडीसी ने मनाया महिला दिवस

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी अपने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का समर्थक रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के अवसर परएनएमडीसी ने मासिक धर्म पर एक वार्तालाप का आयोजन किया,एक ऐसी अवधारणा जो अभी भी दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वर्जित है। एनएमडीसी ने मुख्य अतिथि के रूप में हैदराबाद की एक प्रमुख प्रसूति-स्त्री रोग विशेषज्ञ और एंडोमेट्रियोसिस पर निरंतर कार्य करने वाली डॉ. विमी बिंद्रा बसु को महिला स्वास्थ्य पर प्रकाश डालने के लिए आमंत्रित किया।